e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 219
शुक्रवार
11.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

सच्चाई सूरज के सामान है इसे आप कुछ समय के लिए छुपा तो सकते हो लेकिन ये हमेशा रहता है..




झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



# ॥ स्कॉलर्स को जोहार ॥

## मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति एवं चेवनिंग मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति 2023-2024



मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

**श्री चंपई सोरेन**
माननीय मंत्री, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, पर्यटन, कला- संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग

दिनांक : 11 अगस्त 2023 | समय : अपराह्न 03:00 बजे
स्थान : प्रोजेक्ट भवन सभागार, रांची

PR NO-304413 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 23-24

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्यान विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त खबरे

### मंत्री मिथिलेश ने ऑन लाइन किया थाना भवन का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखंड के चंदनी पंचायत भवन मे 13 वर्षो से चल रहे खरौंधी थाना को सरहिया मोड़ के पास अपना भवन मिल गया. इसका आँनलाइन उदघाटन चिनिया थाना परिसर से पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर ने किया. आँनलाइन उदघाटन के बाद वंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी एवं थाना प्रभारी अभय कुमार ने थाना भवन के प्रवेश द्वार के बाहर नारियल फोड़कर नये थाना भवन मे प्रवेश किया। इस मौके पर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने कहा कि खरौंधी थाना का नवनिर्मित भवन का उद्घाटन पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर के द्वारा किया गया है। नये थाना भवन मिलने से सभी लोंगो मे हर्ष है.अब नये थाना भवन बन जाने से लोगों को सहुलियत होगा।

## बेहतर समन्वय बनाकर अवैध खनन एवं परिवहन को रोकें : डीसी

### उपायुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को सभी अनुमंडल पदाधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सभी सीओ व थाना प्रभारी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध खनिज परिवहन में लिप्त वाहन एवं उनके मालिकों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया साथ ही थाना प्रभारी को अवैध खनन और भंडारण के मामलों में प्राथमिक दर्ज करने की बात कही। उन्होंने हरिहरगंज थाना प्रभारी को अवैध रोकथाम को लेकर विशेष चौकसी बरतने की बात कही। उन्होंने कहा कि बगैर रजिस्ट्रेशन के ट्रैक्टर का संचालन कर रहे वाहन मालिकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने एमभीआई को पूरी तन्मयता के साथ वाहनों की जांच करने हेतु निर्देशित किया। मौके पर एसपी रिष्मा रमेशन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, एसडीओ समेत सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## अमृत वाटिका निर्माण हेतु प्रखंड पिपरा से भेजी गई पवित्र मिट्टी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड के सभी पंचायत से अमृत वाटिका निर्माण हेतु पवित्र मिट्टी प्रखंड मुख्यालय भेजा गया जहां से उक्त पवित्र मिट्टी को जिला तथा राज्य में भेजा जाएगा. आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में पूरे देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सभी पंचायत में अमृत वाटिका का निर्माण करना है। जिसे लेकर 15 अगस्त को विधिवत रूप से पौधारोपण किया जाएगा। सरैया मुखिया प्रियंका कुमारी पिपरा मुखिया रेणु देवी तेंदूई मुखिया उषा देवी दलपतपुर मुखिया मीना कुमारी मधुबाना मुखिया राजेश राजवंशी के नेतृत्व में सभी ने अपने-अपने पंचायत सचिवालय के प्रांगण से शुद्ध मिट्टी को कलश में उठाकर प्रखंड मुख्यालय भेजा। इस अवसर पर रामराज तिवारी हरिवंश पासवान दिनेश सिंह नितेश सिंह सागर सिंह अर्जुन चंद्रवंशी मनीष सोनी विमलेश सिंह जयप्रकाश सिंह सुनील यादव विवेक कुमार प्रिंस सिंह बच्चन यादव सहित काफी संख्या में लोग अपने-अपने पंचायत सचिवालय के प्रांगण में मौजूद थे।

## 10 से 25 अगस्त तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम



**पीपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर के प्रांगण में एमडीए/आईडीए कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से प्रखंड प्रमुख बीस सूत्री अध्यक्ष एवं अस्पताल प्रभारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा। 2 वर्ष से अधिक उम्र वाले सभी लोगों को दवा खिलाया जाएगा। पहले दिन बूथ पर एवं उसके बाद सहीया एवं सेविका के द्वारा घर-घर जाकर यह दवा खिलाई जाएगी। गर्भवती महिलाएं 2 साल से कम उम्र के बच्चे एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों को यह दवा नहीं खिलाना है। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया रोधी दवाओं के सही डोज़ के संबंध में एक नया दिशा -निर्देश जारी किया गया है। भारत सरकार के गाइडलाइन के अनुसार फाइलेरिया से बचाव और रोकथाम के लिए साल में एक बार ही फाइलेरिया रोधी दवाओं अल्बेंडाजोल, डीईसी और आइवरमैकटिन या अल्बेंडाजोल और डीईसी का सेवन पर्याप्त है। जिसका सेवन कर आप गंभीर बीमारी फाइलेरिया/हाथीपाव से बचाव कर सकते हैं। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह प्रमुख उर्मिला देवी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राजेश अग्रवाल प्रखंड लेखा प्रबंधक उमाकांत सहाय प्रखंड डाटा प्रबंधक अमित कुमार सिंह अनिल कुमार, पिरामल फाउंडेशन पलामू रूङ्गस धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री का केक काट कर मनाया गया जन्म दिन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानिय जल क्रांति भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा झारखंड राज्य के ऊर्जावान, यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के स्वस्थ्य एवं दीर्घायु होने का प्रार्थना किया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य श्री सूर्य देव मेहता, जिला उपाध्यक्ष निर्मल पासवान, अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडे, प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, प्रखंड सचिव सुरेश शुक्ला, कामता प्रसाद, मुकेश कुमार सिन्हा, विनय ठाकुर, इकबाल खान, नेहा कुमारी, किरण देवी, अमरनाथ पांडे, सुरेश भंडारी, आशीष कुमार, मनोज पासवान, अजमल अंसारी, बाबूलाल दुबे सहित भारी संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सबके सहयोग से ही फाइलेरिया मुक्त बनेगा पलामू : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने को लेकर गुरुवार को एमएमसीएच में आईडीए-एमडीए 2023 के तहत फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त शशि रंजन ने दीप प्रज्वलित कर अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर सिविल सर्जन, डीपीएम समेत अन्य डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। मौके पर उन्होंने सभी से जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि टीम वर्क के मदद से ही जिले को फाइलेरिया मुक्त किया जा सकता है। इसलिए यह आवश्यक हो जाता है कि सभी पदाधिकारी उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर आमजनों के बीच व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलायें। उन्होंने पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए दो वर्ष से उपर के बच्चों को दवा खिलाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर उपायुक्त एवं सिविल सर्जन ने दवा का सेवन भी किया।

## स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रगान से गौरवान्वित करने वाली बेटियों को किया गया तिरंगा से सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक सह अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत ख़ान ने बताया कि गढ़वा के टंडवा में चल रहे है संगीत विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर बच्चे राष्ट्रगान की तैयारी में जुटे छात्राओ को रिहलसर में पहुंचकर के उनके रिहर्सल तैयारी को देखकर गढ़वा को गौरवान्वित कराने वाली बेटियों को और उनके संगीत गुरु प्रमोद सोनी और नीलेश सोनी को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेटकर उन्हें सम्मानित किया। खुद को गौरवान्वित महसूस करते हुए उनके साथ राष्ट्रगान गाकर सीमा पर तैनात अपने जांबाज जवानों को उन्होंने ये संदेश दिया है कि आप अपने घर परिवार को छोड़कर देश कि सुरक्षा में देश के मान सम्मान में ठंड, गर्मी, और बरसात को नजर अंदाज कर अपनी जिम्मेदारी को निभा रहे है तो आप अपने आप वहां अकेला नहीं समझे है, बल्कि देश के एक एक नागरिक आपके सम्मान में हर पल खड़ा हैं। देश का बच्चा बच्चा आपको सैलुट कर रहा है और अपने सेना, पुलिस, पर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। जो देश हित में हमारे जांबाजों ने अपनी बलिदान दे चुके हैं उनकी कमी तो कभी पुरा नही किया जा सकता है। लेकिन उनकी बलिदान को देशवासी कभी नहीं भुला पाएंगे। हम सभी भारतीय बलिदानियो के परिवारजनों के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़े हैं। शौकत ख़ान देश के सभी नागरिकों से लगातार अभियान चलाकर अपील करते रहते हैं कि शहीदों के परिजनों को जहां भी देखें उन्हें सम्मान दे उन्हें सैलुट करें और उनके हर सुख दुःख में परिवार की तरह खुद से आगे बढ़कर शामिल रहे।

## केतार में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत लगा मोबिलाइजेशन कैंप

**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय केतार के सभागार कक्ष में झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा गुरुवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्रखंड स्तरीय मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद,मुखिया प्रमोद कुमार,वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद,ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जिला स्किल कोऑर्डिनेटर प्रकाश रंजन पांडे ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाके के युवा युवतियों को रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री सारथी योजना चलाई जा रही है। जिससे गांव के युवा युवती हुनरमंद होकर अपने जीवन को बेहतर व आत्मनिर्भर बना सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा युक्ती इस कौशल विकास मिशन सोसाइटी के जरिए आत्मनिर्भर बन सकेंगे क्षेत्र के लोगों को हुनरमंद बनाने में कौशल विकास केंद्र का महत्वपूर्ण योगदान साबित होगा। उन्होंने उपस्थित जन प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि यह झारखंड सरकार का महत्वाकांक्षी योजना है। अपने अपने पंचायत क्षेत्र के युवा युवतियों को इस योजना से जोड़ें ताकि उन्हें प्रशिक्षण के बाद रोजगार मिल सके। वहीं विभाग से आय अन्य कर्मियों ने यह भी कहा की सरकार की ओर से सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना,दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र,एंप्लॉयबिलीटी एक्सीलेंट विद कॉलेज एजुकेशन और ब्लॉक लेवल इंस्टीट्यूट फॉर रूलर स्किल सहित अन्य योजनाएं चलाई जा रही है। कहा की सभी के सहभागिता से यह योजना गांव के युवा युवतियों तक पहुंचेगा और वे इस योजना से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि गांव की युवा युवतियों को इस योजना से जोड़ने के लिए पंचायत के जनप्रतिनिधियों का भूमिका जरूरी है। उनके प्रयास से पंचायत के युवा युवती रोजगार पा सकेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा की आईसेक्ट स्किल मिशन के तहत मेराल सेंटर में कोर्स सेल्फ इंप्लायड टेलर की ट्रेनिंग दो माह की कराई जा रही है। जिसमें आठवीं पास युवा युवती भाग ले सकते हैं। जहां निशुल्क प्रशिक्षण, भोजन एवं आवास, यूनिफॉर्म, स्टेशनरी, किताब आदि की असुविधा दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रतिभागियों को रोजी रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। ट्रेड के अनुसार सभी प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार भी मुहैया कराया जाएगा। इस अवसर पर सत्यम प्रकाश,यमुना प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## पंचायत समीक्षात्मक बैठक का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के कोलझिकि पंचायत सचिवालय में गुरुवार को पंचायत के मुखिया सुनीता देवी की अध्यक्षता में विभागीय निर्देशानुसार समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया.बैठक में पंचायत सचिव नंद कुमार मेहता ने बैठक के उद्देश्यों की जानकारी दिया। इसके बाद पंचायत में चल रहे सभी विभागों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में मुखिया सुनीता देवी ने सभी विभाग के उपस्थित कर्मियों से निष्ठापूर्वक कार्य करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि यदि कार्य के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी हो तो अवगत करावें। समस्या के समाधान की दिशा में प्रयास किया जायेगा। बैठक में जनवितरण प्रणाली के दुकानदार, राजस्व कर्मचारी सहित अन्य के अनुपस्थित रहने पर मुखिया द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया। बैठक में सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, म0वी0 के प्रधानाचार्य धनंजय प्रसाद, उ0प्रा0वी0 के प्रधानाचार्य अशोक मेहता, बीडीसी रविन्द्र राम,रोजगार सेवक रामचंद्र पांडेय, सभी डीलर, सभी स्वम सेवक, स्वास्थ्य सहिया सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एसडीओ ने बीडीओ के साथ मतदाता सूची का किया सत्यापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** वर्तमान में चल रहे घर-घर मतदाता सूची सत्यापन कार्य के तहत प्रखंड नगर उंटारी के मतदान केंद्र संख्या 208 उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुलसुलिया उत्तरी भाग का पन्ना का सत्यापन निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर के द्वारा किया गया। इसके तहत मतदाता सूची के रैंडम रूप से चयनित एक पन्ने पर अंकित सभी 30 मतदाताओं के घर जाकर उनका नाम मतदाता सूची से मिलान किया। साथ ही उनके घर में छूटे हुए योग्य व्यक्तियों जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाना हो उसे संबंधित जानकारी लिया गया। उन्होंने सभी से अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करने की अपील किया। मौके पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी नगर उंटारी श्रवण राम, प्रभारी बीपीआरओ उत्तम रंजन, मुखिया प्रतिनिधि श्री राकेश चौबे, बीएलओ श्रीमती आशा देवी उपस्थित थे।

## बीएलओ पर्यवेक्षक के द्वारा भ्रमण कर मतदाता सूची का किया सत्यापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सगमा :** प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रखण्ड में चल रहे मतदाता सूची का पुन निरीक्षण बीएलओ पर्यवेक्षक के द्वारा भ्रमण कर मतदाता सूची का पना जांच किया गया। इस क्रम बीएलओ पर्यवेक्षक के द्वारा सभी बूथों पर जाकर बीएलओ के द्वारा किए जा रहे मतदाता सूची में अंकित पना की बारीकी से देखा गया व त्रुटि पूर्ण सूची की सही ढंग से निष्पादित करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि नए मतदाता सूचि में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म नंबर 6 और नाम हटाने के लिए फॉर्म नंबर 7 तथा मृत व्यक्ति को मतदाता सूची से नाम हटाने या फोटो चेंज के लिए फॉर्म नंबर 8 भरने के लिए आदेश दिया गया। और ग्रामीणों से अपील किया कि मतदाता सूची में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के साथ धुंधला पड़ चुके फ़ोटो में साफ फ़ोटो लगाने साथ ही मृत हो चुके लोगो का नाम हटाने जिनका भी नाम दो स्थानों पर चल रहा हो उसे अविलंब हटाने निर्देश दिया है। भ्रमण के दौरान ओमप्रकाश कुमार सिंह, सुर्य देव सिंह, सुरेन्द्र ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2023 के दौरान परीक्षा केंद्र से 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2023 का आयोजन दिनांक 13 अगस्त को जिले के विभिन्न अनुमंडलों के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया जाना है।परीक्षा को देखते हुए परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू कर दी गयी है। परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 गज की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी.परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा.इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा.इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा.यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है.इसी के मद्देनजर यह निषेधाज्ञा लागू की गयी है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया मुक्त अभियान को लेकर किया गया कार्यक्रम की शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** फाइलेरिया मुक्ति अभियान को लेकर विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को शुभारंभ की गई। जिसका उद्घाटन विश्रामपुर प्रमुख रंभा देवी, जिप सदस्य विजय रविदास, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, पंकज लाल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डां स्टेला पूर्ती, चिकित्सा पदाधिकारी डां राजेन्द्र कुमार, डां प्रियंका पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डां लिली स्टेला पूर्ती वह संचालन एमपीडब्ल्यू मिथलेश दुबे ने की। मौके पर प्रभारी डां लिली ने बताया कि फाइलेरिया मुक्ति अभियान 10 से 25 अगस्त तक चलाया जाएगा। उम्र और लंबाई के हिसाब से दवा खिलाना है। स्वास्थ्य कर्मी खुद दवा खिलायेंगे । कहा कि फाइलेरिया का दवा खिलाने के लिए माइक्रो प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके बाद स्वास्थ्य कर्मी के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाया जाएगा। दवा देना नहीं है बल्कि स्वास्थ्य कर्मी की निगरानी में दवा खिलाना है। अभियान की सफलता को सुपरवाइजर लगाये जा रहे हैं । प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डां लिली ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है जिसकी वजह से हाथ, पांव का फुलना व हाइड्रोसील का बड़ा हो जाता है। रोगियों का उपचार ऑपरेशन से संभव है। फाइलेरिया ग्रसित रोगी शेष जीवनकाल तक बीमारी से ग्रसित रहते हैं एवं सामाजिक उपेक्षा का शिकार हो जाते है। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिला एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को दवा नहीं देना है। समाज में इस रोग के प्रति लापरवाही एवं अनभिज्ञता ज्यादा है जिससे यह रोग भयावह हो जा रहा है। 10 अगस्त को आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, विद्यालय व अन्य सार्वजनिक स्थान पर बूथ बनाया गया है।

## 60वीं जयंती पर याद की गई विश्व वीरांगना फूलन देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डंडा :** अत्याचार एवं शोषण के खिलाफ आवाज को बुलंद करने वाली, संघर्ष का नाम, विश्व की चौथी क्रांतिकारी महिला, पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी का 60वीं जयंती डंडा प्रखंड के छपरदागा मे धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ समूह के महिलाएं द्वारा फूलन देवी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। फूलन देवी के जयंती के अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति के साथ भारी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने भी पुष्पांजलि अर्पित किया। जयंती के अवसर पर काफी संख्या में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं अपने अस्तित्व और अधिकार के लिए विरांगना फूलन देवी से प्रेरणा लेते हुए संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के गढ़वा विधानसभा प्रभारी सह डंडा जिला परिषद सदस्य श्री अजय कुमार चौधरी उर्फ अजय मेटल ने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह विरांगना फूलन देवी का जीवन नाबलिक अवस्था से ही जितना अत्याचार और शोषण सहना पड़ा उसके बाद जो संघर्ष का रास्ता उन्होंने चुना ओ अपने आप मे बेमिसाल है। इसिलिए वह भारत में ही नहीं पूरे विश्व में चौथी क्रांतिकारी महिला के रूप में जानी जाती है।वह खास करके महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक है कि उस जमाने में जिस तरह से बाल विवाह, सती प्रथा जैसी अनेकों कुरूतियों मे समाज में गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था समाज को उससे बाहर निकालने के जो उन्होंने कदम उठाए हैं वह ऐतिहासिक है, और हमारे माता बहनों को भी उनसे प्रेरणा लेना चाहिए। उन्होंने समाज के बहुत बड़े उच्च नीच भेदभाव की असमानता को दूर भगाकर महिलाओं को सम्मान के साथ जीने का अधिकार एवं समाज में समानता स्थापित करने का काम किया है। लेकिन आज के परिवेश में भी जिस तरह से दलितों, आदिवासियों और महिलाओं पर देशभर से अत्याचार और शोषण के मामले की खबरें आए दिन मिल रही है, ऐसे में हम सभी को विरांगना फूलन देवी से प्रेरणा लेकर अत्याचार और शोषण के खिलाफ कदम से कदम कंधा से कंधां मिलाकर आवाज बुलंद करने की आवश्यकता है। मौके पर बिहारी चौधरी, जब्बार अंसारी, लड्डू अंसारी, विपिन चौधरी, विकास चौधरी, राजमंगल चौधरी, प्रभु चौधरी, वीरेंद्र चौरसिया, नाथू चौधरी, गोविंद चौधरी, अमरेश चौधरी, श्यामलाल मल्लाह, उप मुखिया कमलेश चौरसिया, सत्येंद्र गुरुजी, सुनीता देवी, पुनीता कुमारी, उर्मिला देवी, कौशल कुमार, सरोज कुमार, सुभाष चौधरी, शिवपूजन चौधरी, सहित कई लोग मौजूद थे।

## पंडवा में मेरी मिट्टी मेरा देश को ले संग्रहित हुई गांव की मिट्टी

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंडवा पलामू देश के शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि के रूप में शुरू की गई सरकार की ओर से संचालित मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान के तहत गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के आठों पंचायतों से पवित्र मिट्टी संग्रहित की गई। कजरी में मुखिया रंजना कुमारी सिंह,मुरमा में मुखिया कमला देवी,पतरा में मुखिया सुनिता देवी, लोहड़ा में मुखिया सुमित्रा देवी, छेछौरी में मुखिया राजीव रंजन, गाड़ी में मुखिया शंकर साव,पंडवा में मुखिया सिन्धु देवी मझिगांव में मुखिया आशा प्रसाद व जनप्रतिनिधियों ने आस्था पूर्वक कलशों में मिट्टी संग्रहित किया । इसे प्रखंड कार्यालय पहुंचाया गया। वहां से सभी कलशों को जिला कार्यालय में सौंप दिया गया। इधर मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर सभी पंचायतों में बैठक आयोजित की गई।इसमें स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया व विकास संबंधित चर्चा हुई।इसके अलावा अभियान को सफल बनाने पर पर बल दिया गया।

सुविचार

सच्चाई सूरज के सामान है इसे आप कुछ समय के लिए छुपा तो सकते हो लेकिन ये हमेशा रहता है..

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
11.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )
Call: 7707013096
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## रांची का तापमान

अधिकतम 26°
न्यूनतम 12°

## क्विक न्यूज

### यौन शोषण मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**रांची :** लव जिहाद और यौन शोषण के आरोप में जेल में बंद कोचिंग संचालक तनवीर अख्तर की जमानत याचिका खारिज हो गई है। गुरुवार को अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार ने जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया। रांची पुलिस ने तनवीर को 14 जून को बिहार के अररिया से गिरफ्तार किया था। इस मामले में रांची पुलिस ने पीड़िता का आठ जून को कोर्ट में 164 का बयान दर्ज और मेडिकल टेस्ट कराया था।बिहार के भागलपुर जिले की रहने वाली इस युवती ने मॉडलिंग के नाम पर रांची के तनवीर पर यौन शोषण करने और जबरन धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया था। तनवीर रांची में यश मॉडलिंग एजेंसी चलाता था। युवती यहां मॉडलिंग सीखने आयी थी। इसके बाद से उसका संपर्क तनवीर से बड़ा था। युवती ने मुंबई के वर्सोवा में मामला दर्ज कराया था। बाद में यह मामला रांची के गोंदा थाना को भेज दिया गया था। गोंदा थाना में इस संबंध में कांड संख्या 57/2023 दर्ज किया गया है। रांची पुलिस मुंबई जाकर मॉडल का बयान और वीडियो फुटेज लेकर आई थी। तनवीर की ओर से अधिवक्ता अविनाश पांडेय और अरविंद पांडेय ने बहस की।

### पदक लेकर लौटे खिलाड़ियों का हुआ भव्य स्वागत

**भिवानी :** रोहतक में गत 30 जुलाई को आयोजित सब जूनियर कुराश राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में तथा 6 अगस्त को हिसार के महाबीर स्टेडियम में आयोजित जूनियर राज्य स्तरीय जूडो चैंपियनशिप में भिवानी के जूडो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते। उनका स्थानीय भीम स्टेडियम में पहुंचने पर जिला जूडो कोच विक्रम सिंह सहित अन्य लोगों ने फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया।विक्रम सिंह ने कहा कि आज जिस प्रकार से जूडो खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रहे हैं, उससे यह साबित होता है कि वह दिन दूर नहीं है जब ओलंपिक जैसे खेलों में भी जिला व प्रदेश के जूडो खिलाड़ी पदक जीतेंगे। उन्होंने कहा कि जो युवा खेल में भाग लेते हैं तथा खेलों को स्पर्धा की भावना से खेलते हैं, वह समाज को एक नई दिशा दिखाने का काम करते हैं।

### अंग्रेजी शराब की बोतल के साथ गिरफ्तार

**सहरसा :** जिले के सौर बाजार थाना क्षेत्र में भारी संख्या में अवैध शराब के साथ चार लोगों को भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की बोतल के साथ गिरफ्तार किया है। गुरुवार को सदर थाने में प्रभारी थाना अध्यक्ष बृजेश चौहान ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने समदा चौक सड़क को नाकेबंदी कर घेराबंदी की थी। उसी समय दो कार आती हुई दिखाई दी। जिसे पुलिस की टीम की ओर से रोकने का इशारा किया गया । मौजूद पुलिस टीम ने सभी को पकड़कर कार की तलाशी ली तो भारी मात्रा में शराब की बरामद हुई। पकड़े गए तीनों कारोबारी की निशानदेही पर सोनबरसा थाना क्षेत्र के सुगमा प्लांट के पास ट्रैक्टर पर लदे 409 लीटर शराब बरामद किया गया। जो इंपिरियल ब्लू ब्रांड के हैं। जिस पर सेल फॉर पंजाब लिखा हुआ है। उन्होंने कहा कि सलखुआ थाना क्षेत्र के बनमा इटहरी निवासी मृत्युंजय कुमार, सुगमा निवासी पंकज कुमार, सोनबरसा भादा निवासी रणबीर कुमार एवं सहमौरा निवासी आदित्य कुमार को गिरफ्तार किया गया है। एक कार, एक बेलेरो तथा एक ट्रैक्टर बरामद की गई है।

### नूंह हिंसा के दो आरोपियों का एनकाउंटर

**चंडीगढ़ :** नूंह हिंसा के बाद हरियाणा पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। गुरुवार को अपराध शाखा तावडू को बड़ी कामयाबी मिली है। नूंह हिंसा के दो आरोपियों का पुलिस ने एनकाउंटर किया गया है। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी को गोली लगी है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, निरीक्षक संदीर मोर के नेतृत्व में गठित टीम ने नूंह हिंसा के मामले में शामिल आरोपी मुनफेद निवासी गवारका को पुलिस मुठभेड़ के बाद साथी आरोपी सैकुल निवासी गवारका के साथ गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में सैकुल के पैर में गोली लगी है। पुलिस की टीम ने आरोपी सैफुल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

## विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में पीएम ने दिया चर्चा का जवाब

# हमारे लिए शुभ होता है विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव : पीएम मोदी




**प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा, जिनके खुद के बही-खाते बिगड़े हुए हैं, वही हमसे हिसाब मांग रहे हैं. इसके अलावा, पीएम ने विपक्ष पर यह भी आरोप लगाया कि वे बिना कोई तैयारी किए अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए.**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की केंद्र सरकार के ख़िलाफ़ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अविश्वास प्रस्ताव को शुभ करार दिया. प्रधानमंत्री ने कहा, 2018 में भी यह ईश्वर का ही आदेश था, जब विपक्ष के साथी अविश्वास प्रस्ताव लाए थे. मैंने उस वक्त भी कहा था कि अविश्वास प्रस्ताव हमारी सरकार का फ्लोर टेस्ट नहीं है, बल्कि उन्हीं का फ्लोर टेस्ट है, जो इसे लाए हैं. हुआ भी वही, मतदान होने पर विपक्ष के पास जितने वोट थे, उतने भी उन्हें नहीं मिल सके थे.इ उसके बाद चुनाव में भी उसी का फायदा हुआ. 2019 के चुनाव में एनडीए को भी पहले से ज़्यादा सीटें मिलीं, और बीजेपी को भी. प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा, जिनके खुद के बही-खाते बिगड़े हुए हैं, वही हमसे हिसाब मांग रहे हैं. इसके अलावा, पीएम ने विपक्ष पर यह भी आरोप लगाया कि वे बिना कोई तैयारी किए अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए. प्रधानमंत्री ने कहा,अविश्वास प्रस्ताव वे (विपक्ष) लेकर आए, यानी फ़ील्डिंग विपक्ष की ओर से की गई थी, लेकिन चौके-छक्के यहां से सत्तापक्ष की ओर से) लग रहे थे. सत्तापक्ष की ओर से शतक ठोके जा रहे थे और विपक्षी दल लगातार नो-बॉल पर नो-बॉल फेंके जा रहे थे. पीएम नरेंद्र मोदी ने दावा किया, यह इस सदी का वह कालखंड है, जब देश के सारे सपने पूरे होंगे. यह कालखंड जो गढ़ेगा, उसका प्रभाव इस देश पर एक हज़ार साल तक रहने वाला है.

140 करोड़ देशवासियों का संकल्प और परिश्रम 1000 साल तक असर डालने वाला होगा. प्रधानमंत्री ने कहा, हमने अपने युवाओं को खुले आसमान में उड़ने का हौसला और अवसर दिया है.हमने भारत की साख को भी संवारा है. दुनिया भी यह जान चुकी है कि भारत दुनिया के भविष्य की बेहतरी में क्या-क्या योगदान दे सकता है. अविश्वास प्रस्ताव की आड़ में विपक्ष ने देश की जनता के विश्वास को तोड़ने की असफल चेष्टा की है. पीएम नरेंद्र मोदी ने दावा किया,आज देश में गरीबी तेज़ी से घट रही है. पिछले 5 साल में 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं.

### देश का मुखिया होने के नाते पीएम मोदी को मणिपुर के लोगों के सामने मन की बात करनी चाहिए थी : अधीर



कांग्रेस पार्टी के सांसद अधीर रंजन चौधरी ने मणिपुर की घटना का जिक्र कर कहा कि जहां का राजा अंधा होता है, वहां द्रौपदी का चीरहरण होता है. इस पर अमित शाह ने आपत्ति जताई. उन्होंने कहा, आप पीएम के बारे में इस तरह से सदन में नहीं बोल सकते. अधीर रंजन ने कहा, हम ये कहना चाहते हैं कि पीएम मोदी हर चीज में कुछ न कुछ बोलते हैं. लेकिन मणिपुर पर वे चुप हैं. हमें ये बिल्कुल पसंद नहीं हैं. मणिपुर से दो सांसद हैं. उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया जा सकता. हम अमित शाह से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने जो बयान दिया, वो घातक बयान दिया. आपने कहा था कि बफर जोन में आपने सुरक्षाबलों को तैनात किया. बफर जोन लाइन ऑफ कंट्रोल में बनते हैं. इसका मतलब आप क्या स्वीकार कर रहे हैं. अधीर रंजन ने कहा, देश का मुखिया होने के नाते पीएम मोदी को मणिपुर के लोगों के सामने मन की बात करनी चाहिए थी. ये मांग कोई गलत मांग नहीं थी. ये आम लोगों की मांग थी. उन्होंने कहा, मोदी 100 बार देश के पीएम बनें, हमें कोई लेना देना नहीं. हमें देश के लोगों से लेना देना है.

## सीएम हेमंत सोरेन के जन्मदिन पर जमकर मिली बधाइयां



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्मदिन पर कई नेताओं ने बधाई दी। मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई देते हुए भगवान से उनकी अच्छी सेहत खुशी और दीर्घायु रहने की प्रार्थना की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्म दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगल कामना करता हूं। बता दें कि हेमंत सोरेन का जन्म 10 अगस्त, 1975 को रामगढ़ जिला के नेमरा में हुआ था। हेमंत सोरेन झामुमो के सुप्रीमो सह झारखंड अलग आंदोलन में अग्रिम भूमिका निभाने वाले दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पुत्र हैं।हेमंत सोरेन ने 2003 में छात्र राजनीति में कदम रखा। फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे झारखंड छात्र मोर्चा के अध्यक्ष बने। इसके बाद पहली बार उन्होंने 2005 में दुमका विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। पर स्टीफन मरांडी से हार गये। इसके बाद पहली बार 23 दिसंबर 2009 को दुमका से वर्तमान विधानसभा के लिए विधायक चुने गए थे। हेमंत सोरेन अपनी इच्छा नहीं, बल्कि परिस्थितिवश राजनीति में आए हैं। हेमंत सोरेन के बड़े भाई दुर्गा सोरेन की अचानक मृत्यु हो गई थी और पिता शिबू सोरेन का स्वास्थ्य कुछ ठीक नहीं चल रहा था। इस वजह से हेमंत सोरेन की राजनीति में प्रवेश हुई। हेमंत सोरेन साल 2009 में ही संसद के उच्च सदन राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए लेकिन जनवरी 2010 में उन्होंने सांसद के पद से इस्तीफा दे दिया और राज्य की अर्जुन मुंडा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में उप मुख्यमंत्री बन गए। इसके बाद साल 2013 में पहली बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने थे लेकिन उनका कार्यकाल दिसंबर 2014 तक ही चला, जिसके बाद हेमंत सोरेन ने बीते पांच सालों में पार्टी के अंदर अपनी पकड़ बनाई और वह दूसरी बार 29 दिसंबर, 2019 को राज्य के पांचवें मुख्यमंत्री के तौर पर झारखंड के मुख्यमंत्री बने और अभी तक वह राज्य का कमान संभाल रहे हैं।

**अधिकारियों ने सीएम को दी जन्मदिन की बधाई :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के जन्मदिवस के अवसर पर कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव सुनील कुमार, महाधिवक्ता राजीव रंजन, उपयुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी रांची कौशल किशोर सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी के प्रति सहृदय आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# तीन तस्कर गिरफ्तार दस अवैध हथियार बरामद



एजेंसी

**अलवर :** भिवाड़ी के यूआईटी थाना पुलिस ने तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से दस अवैध हथियार बरामद किए हैं। जिसमें तीन देसी पिस्टल, एक रिवाल्वर, छह देसी कट्टा और 23 कारतूस बरामद किए हैं। सीओ एवं सहायक पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी सुजीत शंकर ने बताया कि एसपी के निर्देश पर एडिशनल एसपी भिवाड़ी दिलीप सैनी के नेतृत्व में टीम ने अवैध हथियार बेचने और कई संगीन अपराधों में शामिल तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपित नांगल चौधरी निवासी नरेंद्र उर्फ शूटर, बानसूर निवासी यादराम गुर्जर और मोती जाट को गिरफ्तार किया है। तीनों पर पहले भी आपराधिक मामले कई थानों में दर्ज हैं। पुलिस अभी उनसे पूछताछ कर रही है इसके बाद अन्य वारदातें खुलने की संभावना है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि एक लड़का अपनी कमर पर बैग लिये बाबा मोहनराम खोली से खिजरपुर की तरफ आने वाले रोड के साईड में पहाड़ी के पास दीवार पर अकेला काफी देर से बैठा है। इस सूचना पर पुलिस खिजरपुर से बाबा मोहनराम खोली के रोड पर टी प्वाईंट के कुछ आगे सुनसान स्थान पर पहुंची तो सामने एक लड़का पिट्ठु बैग लगा दीवार पर बैठा दिखाई दिया। पुलिस के प्राइवेट वाहन होने के बावजूद गाड़ी रुकते ही लडका पहाड़ी की तरफ भागने लगा। थानाधिकारी और टीम द्वारा उसका पीछा किया तो पहाड़ी की तरफ कुछ दूरी पर दो लड़के और कमर पर पिट्ठु बैग लगे हुए पुलिस को देखकर पहाड़ी की तरफ चढ़कर भागने लगे। जिस पर पुलिस ने तीनों लड़कों को पकड़ लिया। जब तीनों के बैग चैक करे तो बैगों में अवैध हथियार मिले। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

## झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में नक्सली कांडों में प्रमोद मिश्रा के खिलाफ दर्ज था एफआईआर

# कुख्यात नक्सली प्रमोद मिश्रा गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बिहार पुलिस ने गया-औरंगाबाद सीमा से कुख्यात नक्सली पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा उर्फ सोहन उर्फ शुक्ला, उर्फ कन्हैया उर्फ जगन उर्फ नूर बाबा उर्फ अग्नि उर्फ बान बिहारी को उसके दो अन्य साथियों के साथ गिरफ्तार किया है। बिहार पुलिस उससे गुप्त ठिकाने पर पूछताछ कर रही है। इसकी सूचना झारखंड पुलिस के आला पुलिस अधिकारियों को भी है, लेकिन इस मिशन को फिलहाल गुप्त रखा गया है।

**प्रमोद मिश्रा पर झारखंड सरकार द्वारा एक करोड़ रुपये का प्रस्तावित था इनाम**



प्रमोद कुमार मिश्रा मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के कासमा गांव का रहने वाला है। उसका लंबे समय तक सारंडा में कार्यक्षेत्र रहा है। वर्तमान में वह झारखंड-बिहार सीमा पर छकरबंधा में माओवादियों को मजबूत करने में जुटा था। प्रमोद मिश्रा को नक्सली संगठन में वर्ष 2004 में केंद्रीय समिति सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। उसे वर्ष 2007 में पोलित ब्यूरो सदस्य बनाया गया था। वह 11 मई, 2008 को धनबाद जिले के विनोद नगर से गिरफ्तार हुआ था। उसे न्यायालय ने सबूत के अभाव में वर्ष 2017 में रिहा कर दिया था। इसके बाद से ही वह क्षेत्र में फिर सक्रिय हो गया था। उस पर पुलिस पर हमले व कई नरसंहार का मास्टरमाइंड माना जाता है।झारखंड के सरायकेला-खरसांवा क्षेत्र से एक करोड़ के इनामी पोलित ब्यूरो सदस्य प्रशांत बोस उर्फ किशन दा उर्फ मनीष उर्फ बूढ़ा उर्फ निर्भय मुखर्जी उर्फ काजल उर्फ महेश को झारखंड पुलिस ने 12 नवंबर, 2021 को गिरफ्तार किया था। उसके साथ उसकी पत्नी शीला मरांडी भी पकड़ी गई थी। प्रशांत बोस की गिरफ्तारी के बाद पोलित ब्यूरो सदस्य पद के दावेदार में प्रमोद मिश्रा सबसे आगे चल रहा था। प्रमोद मिश्रा माओवादी ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो का प्रमुख बनना चाहता था। इस पद को लेकर पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा से प्रमोद मिश्रा का अनबन हो गया था। झारखंड पुलिस प्रमोद मिश्रा पर भी एक करोड़ रुपये का इनाम रखने वाली थी। अभी मामला विचाराधीन था, इसी बीच वह पकड़ा गया है। ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो का मुख्यालय सारंडा रहा है, जिसमें झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार, यूपी, बंगाल व उत्तर पूर्वी क्षेत्र के अन्य राज्य आते हैं।

## दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 का हुआ समापन

# आदिवासियों के जीवन व संस्कृति को उपन्यास और लोकनृत्य के माध्यम से जानने का हुआ प्रयास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान राँची में आयोजित झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 के दूसरे दिन के राष्ट्रीय आदिवासी साहित्य सेमिनार का आयोजन तीन सत्रों में किया गया। पहले सत्र में विभिन्न राज्यों से आये ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों, साहित्यकारों, कथाकारों ने आदिवासी जीवन को उपन्यास में ढालने की प्रक्रिया,यथार्थ बनाम संवेदना । लोक कथाओं और लोकगीतों का लेखन में उपयोग विषय पर अपने विचार रखे।इसी क्रम में पहले सत्र की शुरुआत तेलंगाना से आये श्री सुरेश जगन्नाथम ने की। उन्होंने आदिवासी समाज के जीवन को समझने में उपन्यास की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उपन्यास के माध्यम से हमें आदिवासियों की संस्कृति एवं जीवनी को समझने में मदद मिलती है ।वहीं छत्तीसगढ़ से आयी वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती कुसुम माधुरी टोप्पो ने आदिवासी उपन्यास में भाषा की शैली की जानकारी दी। उन्होंने साहित्य में बिंब के स्वरूप की विस्तार से चर्चा की।केंद्रीय विश्वविद्यालय, तेजपुर से आये साहित्यकार एवं आलोचक प्रो प्रमोद मेढ़ा ने आदिवासी उपन्यास के सृजन की दुश्वारियों के बारे में जानकारी दी।आदिवासियों उपन्यासों की लेखनी में आनेवाली चुनौतियों एवं उनके ख़तरों के बारे में विस्तार से बताया।




### सेमिनार में दूसरे सत्र का विषय था समाजशास्त्र

समाजशास्त्र,ऐतिहासिक एवं अन्य आदिवासियों के जीवन एवं संस्कृति को उपन्यास और लोकनृत्य के माध्यम से जानने का हुआ प्रयास शोध परख लेखन था जिसका आरंभ उड़ीसा से आये वरिष्ठ साहित्यकार हेमंत दलपती ने किया । उन्होंने फ़िल्मि के माध्यम से आदिवासियों की जीवन की स्थिति के बारे में चर्चा की। फ़िल्मि में आदिवासियों की उपेक्षा के बारे में बताया। कश्मीर से आए श्री जान मोहम्मद हाकिम ने कश्मीर की गुर्जर जनजातियों के बारे में जानकारी साझा की। वाराणसी से आयीं प्रो वंदना चौबे ने आदिवासियों की वर्तमान स्थितियों एवं भविष्य में उनके विकास कि संभावनाओं के बारे में जानकारी दी ।उन्होंने कहा कि आदिवासी कि परंपरा बहुत ही सुदृढ़ है, आदिवासी हमेशा से ही तकनीक के मामले में काफ़ी आगे हैं वो सपना इलाज पुरानी पद्धति से करते हैं ।

**तीसरा सत्र में आदिवासियों की संस्कृति व सभ्यता पर डाला गया प्रकाश**

तीसरे सत्र में प्रो वंदना चौबे, वरिष्ठ साहित्यकार, चर्चित कवयित्री एवं लेखिका श्रीमती रूपम मिश्र, प्रो पार्वती तिर्की एवं प्रो जसिंता केरकेट्टा ने अपनी काव्य रचनाओं के माध्यम से आदिवासियों की संस्कृति, सभ्यता एवं उनकी संस्कृति के बारे में प्रकाश डाला सत्र का संचालन श्रीमती सरोज झा ने किया।

## सदर अस्पताल में जांच के नाम पर हो रही है खानापूर्ति

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा का प्रतिनिधिमंडल कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज से मिलकर कोडरमा सदर अस्पताल पर सवाल उठाते हुए भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, अंचल मंत्री धनंजय यादव,अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिन कयूमुद्दीन ने कहा कि कोडरमा जिले के एकमात्र सदर अस्पताल कोडरमा में है जो आम जनों सहित गरीबों के इलाज कराने का एकमात्र सहारा है जहां दूरदराज से चलकर अनेकों मरीज प्रतिदिन अपना इलाज करवाने हेतु आते हैं परंतु सदर अस्पताल कोडरमा में स्थित पैथोलॉजी लाइव जहां के कर्मियों द्वारा खून आदि की जांच में दिए जाने वाले रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं है एवं गलत रिपोर्ट दिए जाने से मरीजों का जान हमेशा खतरे में रहता है तथा उस रिपोर्ट के आधार पर दिए जाने वाली चिकित्सकों द्वारा उपचार वह भी जानलेवा साबित हो रही है जो कुल मिलाकर सभी अस्तर से घोर लापरवाही की भेंट मरीज चढ रहे हैं. कहा कि इसके लिए सदर अस्पताल प्रशासन एवं चिकित्सा के क्षेत्र में लगे चिकित्सक व पैथोलॉजी जांच के कर्मी गण सहित इसमें सम्मिलित रहने वाले सभी लोग जिम्मेवार हैं जिन पर समय रहते समुचित कार्रवाई किया जाना अति आवश्यक है. लोगो ने दिए आवेदन में कहा कि बादल कुमार नामक एक 12 वर्षीय मरीज जिन का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में दिनांक 14 जुलाई 2023 को कराया गया जहां इलाज के क्रम में चिकित्सकों ने अन्य जांच के अलावा प्लेटलेट की भी जांच करवाई जिसमें तीन पैथोलॉजिकल लाइव के यहां से भिन्न-भिन्न रिपोर्ट दिया गया जो आश्चर्यजनक है जो रिपोर्ट के अनुसार प्लेटलेट निम्नलिखित है 14 जुलाई 2023 को सदर अस्पताल के अधीन एसआरएल जांच घर से जांच करवाएं जो प्लेटलेट 100000 है वहीं 17 जुलाई 2023 को सदर अस्पताल कोडरमा के अपने पैथोलॉजी में जांच करवाई जो प्लेटलेट 86 हजार बताया जबकि 18 जुलाई 2023 को डॉ लाल पैथ लैब से रांची से कराए गए जांच में प्लेटलेट 156000 है इसमें से एक संस्थान डॉ लाल पैथ लैब से रांची जो मान्यता प्राप्त एवं मानक स्तरीय जांच संस्थान है यदि इसके द्वारा दी गई जांच रिपोर्ट को आधार मानकर से 2 संस्थानों में क्रमशः सदर अस्पताल कोडरमा एवं .एसआरएल लाइव के जांच रिपोर्ट की तुलना की जाए तो सारी बातें स्पष्ट हो जाएगी कि किस तरह से मरीजों के खून आदि की जांच में फर्जीवाड़ा चल रहा है ज्ञापन में कहा कि भाकपा स्वास्थ्य सचिव, उपायुक्त को अविलंब कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है कार्रवाई नहीं होने पर सितंबर माह में कोडरमा सदर अस्पताल में भाजपा जिला परिषद कोडरमा के द्वारा विशाल प्रदर्शन किया जाएगा

## उपायुक्त ने की समाज कल्याण विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत कई योजनाओं की समीक्षा किया गया। उपायुक्त महोदया ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक आवेदन जनरेट करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिये की 8वीं से 12वीं तक के बच्चियों की सूची समाज कल्याण पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक महत्वपूर्ण योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना है। इस योजना का लाभ योग्य और आहर्ता रखने वाले सभी बच्चियों को मिलें। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से संबंधित लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र पूरा करने के साथ साथ नये लाभुकों को योजना का लाभ देने को कहा गया। उन्होंने मातृत्व वंदना योजना और आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, निर्माण, मरम्मतीकरण को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिये। उन्होंने महिला पर्यवेक्षिका को आंगनवाड़ी केन्द्रों को सर्वे करने कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने की बात कही। कुपोषण सेंटर में मौजूदा उपलब्ध सुविधाएं और सुविधाओं की जरूरत पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने की बात कही। सभी को ससमय पोषाहार का वितरण करें। उन्होंने महिला पर्यवेक्षिका को नियमित आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने का निर्देश दिये। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला पर्यवेक्षिका व अन्य मौजूद रहें।

## स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्धाज की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में कोडरमा जिला में उपलब्ध स्वास्थ्य केन्द्र, चिकित्सकों की उपलब्धता, जननी सुरक्षा योजना, कुष्ठ निवारण, मलेरिया/फलेरिया से संबंधित, परिवार नियोजन, एड्स और टीबी बीमारी की रोकथाम समेत स्वास्थ्य विभाग में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा किया गया। उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग मे संचालित योजनाएं और उनके विरुद्ध किये जा रहे कार्यों का बेहतर तरीके से डाटा संधारण करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि आप जो कार्य दिये गये हैं, अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन कार्यों को बेहतर तरीके से करेंगे। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार को निर्देशित करते हुए कहा कि ए.एन.एम लोगों का नियमित रूप से सभी चीजों का प्रशिक्षण कराते रहेंगे। संस्थागत प्रसव का मॉनिटरिंग, डाटा संधारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एड्स मरीजों का नियमित फ्लोअप करें। कुष्ठ और टीबी बीमारी की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में संचालित योजनाओं का वृहद स्तर से प्रचार प्रसार करें। उन्होंने आमीनिया मुक्त भारत, परिवार नियोजन को लेकर लोगों को जागरूक करने की बात कही।

# कोयलांचल क्षेत्र के पुरनीराय मे सार्वजनिक स्थल पर अवैध बंदोबस्ती पर ग्रामीणो में आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के पुरनीराय स्थित झारखंडी मंदिर,जितिया जतरा स्थल, रामनवमी मेला स्थल सहित दशकर्मा घाट की लगभग 3 एकड़ 94 डिसमिल जमीन की अवैध तरीके से बंदोबस्ती और उस पर निर्माण कार्य कराने पर का मामला उजागर होते ही ग्रामीणो मे आक्रोश व्याप्त है।मामले की जानकारी मिलते ही सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण,राय पंचायत की मुखिया शीला देवी,उपप्रमुख सुमन देवी, जिला परिषद सदस्य शाल्या परवीन सहित सैकड़ों लोगों द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन लेकर खलारी अंचल पहुंचे, जहां अंचलाधिकारी से मिलकर उन्हें आवेदन सौंपा। ग्रामीणों द्वारा अंचलाधिकारी को सौंपे गए आवेदन में कहा गया है कि पुरनीराय स्थित गैरमजरुआ जमीन जिसका खाता नंबर 124 प्लाट संख्या 2172 जिसका कुल रकबा 17 एकड़ 60 डिसमिल है।इस जमीन पर पिछले 70 सालों से जितिया जतरा का मेला एवं रामनवमी का मेला का आयोजन होता आ रहा है।वहीं इसी जमीन के दुसरी तरफ गांव के लोगों का दशकर्मा घाट एवं झारखंडी मंदिर भी स्थित है। इसी जमीन में से संतोष महतो पिता लक्ष्मी महतो ग्राम पुरनी राय द्वारा 1 एकड़ 94 डिसमिल एवं लखन महतो पिता स्वर्गीय माधो महतो ग्राम डुंडु बमने द्वारा 2 एकड़ जमीन की अवैध रूप से बंदोबस्ती करा ली गई है। संतोष महतो द्वारा बंदोबस्ती कराई गई जमीन पर मार्केट का निर्माण कार्य चल रहा है। ग्रामीणों द्वारा इसकी प्रति रांची उपायुक्त,भुमि बंदोबस्ती पदाधिकारी रांची, अनुमंडल पदाधिकारी, मुख्यमंत्री और थाना प्रभारी खलारी को दी गई है।आवेदन में संबंधित अधिकारियों से मांग की गई है की ग्रामीणों की भावनाओं का ख्याल रखते हुए तत्काल इस मामले की जांच कराकर बंदोबस्ती को रद्द किया जाए। थाना पर पहुंचे ग्रामीणों की बात सुनकर थाना प्रभारी फरीद आलम ने मामले की जांच-पड़ताल के लिए तत्काल मौके पर पुलिस बल भेजकर मामले की जानकारी लेते हुए संबंधित पक्षों को थाना बुलाया है। इधर सीओ शिशुपाल आर्या ने बताया कि गांव के सार्वजनिक कामों के रुप में प्रयोग हो रही जमीन का अगर बंदोबस्ती हुआ है तो उसकी जांच कराकर बंदोबस्ती को रद्द करने हेतु वरीय अधिकारियों को अनुशंसा भेजी जाएगी।

## विश्व आदिवासी दिवस पर कल्याणपुर के मंडेर में निकाली गई रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत के मंडेर में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया।इस कार्यक्रम मे आदिवासियों को शिक्षा संस्कृति एवं आदिवासियों के उत्थान के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान कल्याणपुर पंचायत सहित आस पास के गांव कारो और चौड़ा से जन जागरुकता रैली निकाली गई।रैली सभा स्थल मंडेर पहुंची।इस रैली के दौरान आदिवासी महिलाएं और युवक द्वारा परंपरागत नृत्य पेश किया गया।मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित अलका कुजूर और विशिष्ट अतिथि रोशन होरो द्वारा कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आदिवासियो पर हो रहे शोषण पर दुख प्रकट किया और मणिपुर की घटना की निंदा करते हुए आक्रोश प्रकट किया।मणिपुर दंगा के पीड़ितों को सहयोग राशि एकत्रित कर पीड़ित परिवारों के बीच भेजे जाने का संकल्प लिया गया एवं आदिवासियो पर हो रहे शोषण आत्याचार जल जंगल जमीन के संरक्षण की बात कही गई।कार्यक्रम को चेतना भारती चतरा के राजा भारती, डालो उरांव,बालेश्वर उरांव, इलियास अंसारी,बीरेंद्र उरांव, सुशील उरांव,सिस्टर रीता बारला,जॉनी दीदी,अनिल कुमार महतो सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।इस मौके पर तारा उरांव, निर्मल उरांव,अनिता देवी, निर्मला कुजूर,बालेश्वर उरांव, जुगेश उरांव,प्रियंका देवी, चिन्ता देवी,बीना देवी, विक्टोरिया कुजुर,कृष टोफर, जोधन महतो,रामकुमार उरांव,रितेश टाना भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

## पिपरवार में हुई यूनाइटेड कोल वर्कर्स की यूनियन की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी की एक आवश्यक बैठक क्षेत्रीय कार्यालय पिपरवार में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष मुद्रिका प्रसाद और संचालन बाबूलाल राम ने किया।बैठक में पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग और आरसीएम साईडिंग से जुड़े सैकड़ो असंगठित मजदूर शामिल हुए।इस बैठक में असंगठित मजदूरों की समस्या पर चर्चा की गई।इस दौरान हाई पावर कमेटी का लाभ असंगठित मजदूरों को नहीं मिलने पर आक्रोश प्रकट किया गया।क्षेत्रीय अध्यक्ष मुद्रिका प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार 11 अगस्त को सीसीएल की हाई पावर कमेटी की एक टीम पिपरवार दौरे पर आ रही है,इस दौरान असंगठित मजदूरों की समस्या से हाई पावर कमेटी को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रमिक संगठनों के द्वारा असंगठित मजदूरों की समस्याओं को उच्च स्तरीय बैठक में उठाया गया था,जिसके बाद सीसीएल प्रबंधन के द्वारा हाई पावर कमेटी का गठन किया गया है।यह टीम पिपरवार आकर मजदूरों की समस्या से अवगत होंगे और इसकी रिपोर्ट उच्च स्तरीय बैठक में रखेंगे।इस बैठक में बाबुलाल राम,गणेश राम, रामजीत राम,क्युम अंसारी, विमल महतो,लखेश्वर राम, समसुदीन अंसारी,आईडी मेहता,कैशल प्रसाद,दिलीप कुमार महतो,चमन महतो, बिजली महतो,मुन्शीनाथ महतो,कैलाश महतो,चन्ददेव ठाकुर,सुरेश गोप,सिटु महतो,निर्जल महतो,रविन्द्र महतो,लटन महतो,टिकु महतो,रतन लाल महतो, जनार्दन गिरी,शंकर महतो, गंगा राम महतो सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## विश्व आदिवासी दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखण्ड के गेड़ेवीर स्कूल मैदान में बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। जिसमें कई रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात अतिथियों द्वारा बाब साहेब भीमराव आंबेडकर, भगवान विरसा मुंडा, जीतराम वेदिया एवं शहीद दिलीप वेदिया के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदिवासी समाज के वरिष्ठ समाज सेवी प्रेम चंद मुर्मू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की आर्थिक समाजिक और राजनितिक विकास मे आदिवासियों का काफी योगदान रहा है।आदिवासी अपनी पहचान के लिए काफी दिनों से संघर्ष कर रहे हैं।इस कार्य क्रम मे आए हुए मुख्य अतिथियों को अपने संस्कृतिक तरिके से स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम मे विभिन्न गाँव से आए हुए कलाकारों ने कई तरह के नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान पिछले दिनों हुए मैराथन दौड़, खेल कुद के सफल प्रतिभागीयों को झामुमो के रांची जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानंद वेदिया ने मोमेंटो देकर पुरुस्कृत किया। एवं कहा की खेल कुद से शरीर तंदुरुस्त रहता है शारिरिक संतुलन बना रहता है। बच्चे खेल कुद से अपने आप मे एक मिशाल बन सकता है एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दिया। इस विश्व आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर काफी संख्या मे महिला एवं पुरुष शामिल हुए एवं कार्यक्रम का आनंद उठाया रंगारंग कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। मंच का संचालन किनु राम वेदिया ने किया। इस मौके पर नवागड़ पंचायत समिति फाल्गुनी साही, लक्ष्मी कांत मांझी, अनील सिंह, महेन्द्र सिंह लखीचरण मुंडा, दीपक मुंडा, हरिपद मांझी, प्रदीप वेदिया, फेकन राम मौजूद थे।

## नाई विकास समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नाई विकास समिति टाटीसिल्वे कि बैठक मिलन चौक, हेसल टाटीसिल्वे मे संपन्न हुई। बैठक कि अध्यक्षता झारखंड नाई विकास संघ झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार ठाकुर, संचालन सचिव सुरेंद्र ठाकुर, धन्यवाद ज्ञापन महासचिव फेकू ठाकुर ने कि। इस बैठक मे साप्ताहिक बन्दी, आपसी सहयोग, मासिक बैठक, नाई समाज को एस सी सूची मे शामिल करने,संकट मे सदस्यों को मदत, रेट तालिका ,शराब बंदी, दहेज प्रथा इत्यादि पर विस्तार से चर्चा कर आपसी सहमति बनाई गई । इस अवसर पर अध्यक्ष जयपाल हज़ाम, मनीष ठाकुर, शंभु ठाकुर, मुकेश ठाकुर, राजेश ठाकुर, अरुण ठाकुर,दिनेश ठाकुर,शंकर ठाकुर,राम किस्टो हज़ाम,पंकज ठाकुर, अरूप ठाकुर, सूरज ठाकुर, राम बाबू ठाकुर, विनोद ठाकुर, फेकू ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कोयलांचल के खपिया मैदान में स्वतंत्रता दिवस पर फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के निकट बुंडू पंचायत के खपिया मैदान में पटेल स्पोर्टिंग क्लब खपिया के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच भुरकुंडवा टीम बनाम पटेल स्पोर्टिंग क्लब खपिया के बीच खेला गया,जिसमे पटेल स्पोर्टिंग क्लब 3-0 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का आगाज किया।इससे पूर्व टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप मे केरेडारी प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी तथा विशिष्ट अतिथि में उपप्रमुख अमेरिका महतो और बुंडू मुखिया तुलसी ने फुटबॉल को कीक मारकर और फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन की सराहना की।वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आती है और उन्हें पंचायत से लेकर प्रखंड जिला और राज्य स्तर पर खेलने का अवसर मिलता है।उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बेहतर खेल का प्रदर्शन करने की अपील की।मौके पर प्रेम रंजन पासवान, पंसस प्रतिनिधि मोहन कुमार,अजय एक्का,अध्यक्ष बालेश्वर महतो,कुलदीप महतो,कामेश्वर महतो, जयनंदन महतो,तारकेश्वर महतो,अनमोल मिंज,रामचंद्र तिर्की,देवनीश खलखो, रंजीत खलखो,महेंद्र महतो, विनोद महतो,दिनेश महतो, संतोष महतो,राजेश कुमार, सुनील कुमार,लखपति महतो,महादेव तूरी, भरत महतो,कृष्णा महतो,मुन्ना महतो,विराज महतो, मुकुंद महतो,अशोक महतो, हीरालाल महतो, गणेश महतो,विजल महतो,अशोक महतो, देवनारायण महतो, जगदीश महतो,दिलीप महतो, रंजित कुमार, शिवा महतो,कलेंद्र महतो,नारायण महतो,अनिल महतो सहित काफी संख्या में लोग मौजूद ।

## फलदार पौधों का निःशुल्क वितरण

**चंदवारा :** प्रखण्ड अंतर्गत शिवम आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड परिसर में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत लालमदिग्थु,आरागरो, जौंगी ग्रामीणों के बीच 500 आम,अमरूद,नींबू, कटहल आदि फलदार पौधों का निःशुल्क वितरण फैक्ट्री के डायरेक्टर शम्भू अग्रवाल ने अपने हाँथो से किया ।


**BEFORE THE RESIDENT EXECUTIVE MAGISTRATE BOKARO**

**AFFIDAVIT**

AMAR KUMAR , son of Ajay Mandal, Aged about - 22 years, by faith -Hindu, by occupation-Student ,Resident of S.I.T Colony ,Durga, P.O. Durga Coal Washery P.S- Durga, Bokaro, Jharkhand-828404, Aadhaar No. 3424 6684 6423, do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows:-

**1.** That my father's correct name has been mentioned in my Adhaar No. 3424 6684 6423 and PAN No. KDXPK9473D and in my educational certificate as AJAY MANDAL.

**2.** That , mother's correct name has been mentioned in Adhaar No. 7124 0388 0031 and Voter ID Card No. LTY1310085 as MINU DEVI.

**3.** That ,the name of my father has been mentioned in his Aadhaar No. 7846 2793 2632 and in his PAN No. BQLPM892 as AJAY PRASAD MANDAL.

**4.** That AJAY MANDAL and AJAY PRASAD MANDAL is the name of same and one person i.e my father.

**5.** That the name my mother has been mentioned in my education certificate as MINU MANDAL.

**6.** That MINU DEVI and MINU MANDAL is the name of same and one lady i.e my mother.

**7.** That, I am swearing this affidavit in a token of proof of oneness and sameness of my father's and mother's above names in order to submit/produce it before the competent concerned authority as and when required and for the needful purpose.



**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिये खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

**ई–निविदा संख्या :** ईएल/13/खुली/2023–24, **क्र.सं. :** 1, **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** जीसी के घाट खंड में 3 स्टेशनों (लालबाग ब्लाक हाल्ट, दिलवा और लाराबाद) में एसएम पैनल बिल्डिंग के विस्तार से संबंधित वैद्युतिक कार्य। (कार्य समापन अवधि : छः माह)। **क्र.सं. :** 2, **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 15,41,973.87, **क्र.सं. :** 3, **बिड सिक्युरिटी :** रू. 30,800.00

**ई–निविदा संख्या :** ईएल/14/खुली/2023–24, **क्र.सं. :** 1, **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** धनबाद मंडल के विभिन्न रनिंग रूम के लिए एयर कंडीशनिंग मशीनों को पांच वर्षों के लिए किराए पर लेना। (कार्य समापन अवधि : पांच वर्ष)। **क्र.सं. :** 2, **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 1,26,64,256.90, **क्र. सं. :** 3, **बिड सिक्युरिटी :** रू. 2,13,300.00

• **ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथि 31.08.2023 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि 31.08.2023 को 11:30 बजे। • **वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट : **www.ireps.gov.in.** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/0922/डीएचएनजीएस/ईजीईएन/टी/23-24/52


## छात्र-छात्राओं के स्किल डेवलपमेंट को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड सभागार में गुरूवार को बीडीओ निशा कुमारी कि अध्यक्षता पर प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन संस्था के सौजन्य से विद्यालयों में विकास हेतू प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण पर मुख्य रूप से एसडीएम खूंटी अनिकेत सचान मौजूद रहे. प्रशिक्षण के दौरान प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन संस्था के द्वारा कर्रा प्रखंड के विद्यालयों के कक्षा छठवीं, सातवीं व आठवीं के छात्र- छात्राओं को स्किल डेवलपमेंट के तहत प्रशिक्षण उपलब्ध कराने हेतू जानकारी दिया गया. जिसमें शिक्षा के अलावे विभिन्न क्षेत्र जैसे होटल मैनेजमेंट, टेक्निकल, ब्यूटीशियन इत्यादि कोर्स से संबंधित विषय पर प्रशिक्षण दिये जाने की जानकारी दिया गया. साथ ही साथ शिक्षा व स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रत्येक गांवों के सभी टोलों में विशेष कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों के बीच जागरूकता लाने के लिए उपस्थित लोगों को प्रेरित किया गया. जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का कार्य तेजी से हो सके और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का अवसर का बढ़ोतरी हो एवं लोगों के जीवन स्तर को सुधार कि दिशा में पहुंच बनाया जा सके. प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित पंचायत प्रतिनिधि व सरकारी कर्मियों को सरकार द्वारा निर्धारित कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश, 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक घरों पर तिरंगा लगाना व तिरंगा के सम्मान का ध्यान रखने, अमृत सरोवर व स्कूल के शिलापट पर स्वत्रंतता सेनानी का नाम लिखवाने जैसे कार्यक्रम पर जानकारी दिया गया. कार्यक्रम पर बीइइओ गंगा प्रसाद सिन्हा, बीपीओ मनमोहन साहू, पंचायत राज पदाधिकारी होली मुंडू, बीपीआरओ मुस्तफा मियां, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष मंजूला उरांव, मुखिया अनूप कुजूर रश्मि लकड़ा, ग्लोरिया लुगून, ज्योति मिंज, बंधना उरांव, सुनिता चोचा, पुनम बारला के अलावे अन्य लोग मौजूद रहे।

## यस किड्स रेंसिडेंटीय एकेडमी का उद्घाटन

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में डाक बंगला के पास यस किड्स एकेडमी ने अपना छात्रों को रहने के लिए यस किड्स रेंसिडेंटीय एकेडमी का उद्घाटन किया।जिसका विधिवत उद्घाटन जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी,प्रमुख ललिता देवी एवं एकेडमी के निर्देशक शशिकांत कुमार विधिवत रुप से किया।वही पंडित देवेंद्र पांडे एवं रामलखन पान्डेय ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ करवाया।इस एकेडमी में प्री-नर्सरी से लेकर वर्ग आठ तक के छात्र छात्राओं के लिए यहां पढ़ाई के लिए उत्तम व्यवस्था की गयी।इस एकेडमी की संचालन पिछले पांच बर्षो से नासरगंज चौक पास करते आ रही है।पहले यहां छात्रों के लिए कोचिंग की व्यवस्था की गयी थी लेकिन यह किड्स एकेडमी ने रेसिंडेटियल हॉस्टल की व्यवस्था की गयी है। यहां छात्र छात्राओं के रहने के लिए एवं पढ़ाई के लिए उत्तम व्यवस्था की गयी।वही इस विधिवत उद्घाटन में प्राइवेट स्कूलों के शिक्षक एवं समाजसेवी, मुखिया लोग उपस्थित थे।वही जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी ने कहा कि आज इस उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुई मेरा एकेडमी के संचालन कर लोगों से अपील है आप शिक्षा के अलख को और आगे लेकर जाये हमलोग जनप्रतिनिधियों से जितना सहयोग चाहिए उतना सहयोग किया जायेगा।वही प्रमुख प्रतिनिधि रामवतार चौधरी ने कहा की सुदुरवर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां छात्र एवं छात्राओं के रेंसिडेंटीय की व्यवस्था करना बड़े ही गौरव की बात है।वही समाजसेवी महेंद्र प्रसाद यादव ने कहा की अगर यस किड्स एकेडमी रेसिडेंटिल की व्यवस्था की है तो हमलोगो के बड़े हर्ष की बात है, शिक्षा हर वर्ग के लिए बहुत जरूरी है।

## करीम सिटी कॉलेज मानगो में नए छात्र-छात्राओं का स्वागत

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज (मानगो कैम्पस) जमशेदपुर में इंटरमीडिएट के नए सत्र 2023-2025 के छात्र-छात्राओं के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज और कॉलेज के प्रभारी डॉ शैख अनवर अली उपस्थित थे। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नैतिकता और बुद्धिमत्ता की बात की। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा महाविद्यालय न केवल पठन-पाठन पर केंद्रित है बल्कि विद्यार्थियों में एक बहुमुखी व्यक्तित्व को उभारने के लिए टीम वर्क, कुशल नेतृत्व, दृढ़ संकल्प, स्वभाव में लचीलापन, आत्मविश्वास तथा आत्म सम्मान आदि जैसे व्यक्तिगत गुणों को विकसित करने का प्रयास किया जाता है। मंच का संचालन दरख्शां आफ्ताब तथा धन्यवाद ज्ञापन फैजा मकसूद द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की अहम भूमिका रही।



## एमडीए आईडीए कार्यक्रम का एसडीएम ने किया उद्घाटन



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ में गुरुवार को एमडीए आईडीए कार्यक्रम 2023 के तहत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ एसडीएम रंजीत लोहरा ने दीप प्रज्वलित कर एवं दवा खाकर किया। 10 से 25 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। जिसमें स्वास्थ्य कर्मी घर घर जाकर फाइलेरिया मुक्त समाज के लिए दवा खिलाएंगे। वहीं एसडीएम रंजीत लोहरा ने बताया कि एक मच्छर आपको जिंदगी भर के लिए विकलांग बना सकता है। मौके पर जिप सदस्य जोतीलाल मांझी,बीडीओ किकु महतो,सीओ भोलाशंकर महतो, चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर अनुपम घोषाल, बीपीओ निपेन प्रधान, मुखिया राखोहरी सिंह मुण्डा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## झुंड से बिछड़े हाथी ने कई गांवों में मचाया उत्पात

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झुंड से बिछड़े एक हाथी ने बुधवार की रात करीब 10 बजे से 12 बजे के बीच पटमदा थाना क्षेत्र के दुआरिडीह, बांसगढ़, चुड़दा, लच्छीपुर एवं बान्तोड़िया गांव में जमकर उत्पात मचाया। बान्तोड़िया गांव में महेश्वर माझी के घर की खिड़की को तोड़कर अंदर में रखे 3 बोरा धान व 1 बोरा अरहड़ को खा गया। वहीं बगल के घर में बरामदे पर सो रहे एक युवक मंगल माझी (40 वर्ष) हाथी की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। बताते हैं कि रात करीब साढ़े 11 बजे वह गहरी नींद में थे एवं आवाज सुनकर जग गए। इसके बाद टॉर्च जलाकर देखा तो एक विशाल हाथी सामने दिखा। टॉर्च की रोशनी देख गुस्साए हाथी ने उसे दौड़ाया लेकिन बीच में एक तार (कपड़ा सुखाने वाला) में सटने पर हाथी बैक हो गया। इससे पूरे परिवार के लोगों ने राहत की सांस ली। फिर बाद में पूरे गांव के लोगों ने पटाखा फोड़कर व मशाल जलाकर हाथी को बंगाल की ओर भगा दिया। इससे पूर्व दुआरिडीह गांव में विश्वनाथ मांडी की कई एकड़ जमीन पर लगी गोभी की फसल को उसी हाथी ने रौंद डाला। इसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने हाथी को भगाया। जबकि बीच में आने वाले कई गांवों में हाथी ने फसलों को नुकसान पहुंचाया। इसकी खबर रात को ही गांव के अन्य लोगों को मिलने पर रातभर दहशत का माहौल बना रहा।



## प्रखंड सभागार में बैंकरों के साथ बीएलबीसी का हुआ बैठक

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड मुख्यालय के सभागार में गुरुवार को एलडीएम की उपस्थिति में बैंकरों का बैठक किया गया। बैठक कि अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी किकु महतो ने किया। बैठक में सभी बैंक प्रबंधकों को केसीसी ऋण का लक्ष्य पुरा करने,पीएम आवास का बैक द्वारा भूगतान, अन्य ऋण आदि पर चर्चा किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बैंकों द्वारा पीएम आवास का पैसा केसीसी ऋण दाताओं के खाते से काट लेने का मामला पर आपत्ति जताते हुए कहा कि किसानों का केसीसी ऋण का पैसा पीएम आवास का पैसा से काट लेने से लाभूक समय पर पीएम आवास का निर्माण नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने शाखा प्रबंधकों को खेती के एन मौके पर किसानों को केसीसी ऋण उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में जो केसीसी ऋण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे समय पर पूरा किया जाय। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी धनराज महतो, शाखा प्रबंधक, जन सेवक आदि उपस्थित थे।

## जिलास्तरीय हॉकी में कुकरू महिला टीम बना विजेता, आगमन पर गर्मजोशी से हुआ स्वागत

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सरायकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित झारखंड महोत्सव 2023 के अवसर पर आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में कुकडू प्रखंड महिला टीम विजय हुआ। फाइनल में खरसावां को ट्राई ब्रेकर में हराया। कोच एस बारला ने बताया कि पिछले एक साल से इन खिलाड़ियों को अभ्यास कराया जाता था चुकी क्षेत्र में अच्छा मैदान भी नही होने के बाबजूद भी कुकडु के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया। वही तिरुलडीह स्टेशन में खिलाड़ियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत करने ग्रामीण,समाजसेवी एवम अभिभावक पहुचे जहां उन्हें लड्डू खिलाकर स्वागत किया गया।



## फाइलेरिया दवा की खुराक खाकर उपायुक्त ने एमडीए आईडीए अभियान का किया शुभारंभ

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर अस्पताल सरायकेला परिसर से फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एमडीए आईडीए अभियान का शुभारम्भ गुरुवार को उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने फाइलेरिया दवा की खुराक मौके पर स्वयं भी खाई। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन-सहभागिता जरूरी है। सिविल सर्जन डॉक्टर अजय सिन्हा ने बताया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 से 25 अगस्त तक चलाया जाएगा। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं तथा गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा का सेवन नहीं कराना है। उन्होंने बताया अगर किसी के शरीर में फाइलेरिया के कृमि मौजूद होते हैं तो दवा सेवन पश्चात सर दर्द, उल्टी, बदन दर्द, हल्का बुखार जैसे लक्षण प्रकट होते हैं। इस अवसर पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ नकुल किशोर प्रसाद एवं डीपीएम निर्मल दास सहित अन्य चिकित्सक, चिकित्साकर्मी एवं सहिया दीदी उपस्थित रहे।



# सर्पदंश से मृत्यु के बाद बिना पोस्टमार्टम के शव को दफनाने की हो रही थी तैयारी

## जिला पार्षद प्रदीप बेसरा की पहल पर हुआ पोस्टमार्टम, मिलेगा चार लाख का मुआवजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोबरघुसी गांव के कामारडूंगरी टोला में मंगलवार की देर रात अपने घर में जमीन पर सो रही एक सबर महिला को किसी जहरीला सांप के काटने से बुधवार को एमजीएम अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गई। करीब 22 वर्षीय महिला सविता सबर की मौत के बाद अस्पताल से प्रबंधन द्वारा बिना पोस्टमार्टम के ही बुधवार को एक एंबुलेंस से घर भेज दिया गया। जानकारी के अभाव में गुरुवार की सुबह परिजन जब शव को दफनाने की तैयारी कर रहे थे तो क्षेत्र भ्रमण के क्रम में पहुंचे पटमदा के जिला पार्षद प्रदीप बेसरा ने दफनाने पर रोक लगा दी। मौके पर उन्होंने मृतका के पति को बताया कि सर्पदंश पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से 4 लाख रुपए मुआवजा राशि मिलती है और इसके लिए शव का पोस्टमार्टम कराना जरूरी है। इस दौरान पार्षद ने सीओ चंद्रशेखर तिवारी व थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह से दूरभाष पर बात की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि एक माह के अंदर कागजी कार्रवाई करते हुए मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।इसके बाद परिवार के लोगों ने एक टेम्पो में शव को लादकर एमजीएम मेडिकल कॉलेज पहुंचाया एवं पोस्टमार्टम के बाद देर शाम अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में प्रदीप बेसरा ने बताया कि एमजीएम अस्पताल की लापरवाही चरम पर है यही कारण है कि एक गरीब सबर परिवार को बीना जानकारी दिए ही शव को घर भिजवा दिया। अगर वे समय रहते नहीं पहुंचते तो शायद उस पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि नहीं मिल पाती। दूसरी ओर सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो ने बताया कि पटमदा सीएचसी में एंबुलेंस उपलब्ध होने के बावजूद सेवा नहीं मिल पाने की वजह से शव को टेम्पो में भेजना पड़ा। उन्होंने जिले के सिविल सर्जन से मांग किया है कि क्षेत्र में सांसद व विधायक निधि से प्रदत्त सभी एंबुलेंस का संचालन सीएचसी परिसर से करने की व्यवस्था करें ताकि गरीब जनता को सरकारी योजना का लाभ मिल सके।



## इटली में आयोजित अंतराष्ट्रीय टेलरिंग प्रतियोगिता में 34 देशों ने लिया हिस्सा

# शहर के मो शमीम को मिला प्रथम पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इटली के बेला शहर में आयोजित वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ मास्टर टेलर्स अंतराष्ट्रीय टेलरिंग प्रतियोगिता के गोल्डन फिंगर स्पर्धा में कपाली के 30 वर्षीय मो. शमीम अंसारी ने गोल्डन अवार्ड जीतकर जमशेदपुर के साथ-साथ पूरे देश का नाम गौरवान्वित किया। मो. शमीम बिष्टुपुर, एल रोड स्थित रेमंड शो रूम में टेलरिंग मास्टर का काम करते हैं। विश्व स्तरीय टेलरिंग प्रतियोगिता में जाने से पहले मुंबई में चयन प्रतियोगिता हुआ था, जिसमें देश भर से दो सौ से अधिक टेलर्स मास्टर ने हिस्सा लिया था जिसमें भी मो. शमीम ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया था। प्रतियोगिता में विश्व भर के 34 देश के 300 से अधिक नामचीन टेलरों ने हिस्सा लिया था। इस सफलता पर मो. शमीम ने कहा कि टेलरिंग मेरा जुनून है। प्रतियोगिता में शामिल होने से मुझे दुनिया के विभिन्न देशों के प्रोफेशनल्स के साथ जुड़ने का मौका मिला। साथ ही इससे मेरी कला पर मेरा विश्वास और अधिक मजबुत हो गया है। मो. शमीम ने अपने जीत का श्रेय अपने बड़े भाई मो. मोईन अंसारी को दिया जिन्होंने 2019 में आयोजित वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ मास्टर टेलर्स प्रतियोगिता में सिल्वर अवार्ड जीता था।



## एएसएल के निदेशक दिलीप गोयल सहित तीन को अदालत में पेश होने का आदेश

# करारनामा के मुताबिक वकील को नहीं दी फीस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ज्योत्सना पांडे की अदालत ने शहर के बिजनेसमैन एवं मैसर्स एएसएल इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दिलीप गोयल सहित तीन को पेश होने का सम्मन जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैसर्स एएसएल इंडस्ट्री ने एक मामले में उनका न्यायालय में पक्ष रख रहे फौजदारी मामलों के अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू को फीस नहीं दी। नोटिस देने के बावजूद आनाकानी करते रहे तो वकील सुधीर कुमार पप्पू ने शिकायत वाद 2053/2023 दायर कर दिया। अदालत में अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू का पक्ष पूर्व लोक अभियोजक सुशील कुमार जायसवाल, अधिवक्ता अनिंदो मिश्रा एवं अधिवक्ता शिव शंकर ने रखा, जिसके आधार पर न्यायालय में धोखाधड़ी के मामले में आईपीसी की धारा 420 के तहत संज्ञान लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैसर्स एएसएल इंडस्ट्री के निदेशक एवं सर्किट हाउस एरिया निवासी दिलीप गोयल एवम एचआर हेड आशियाना गार्डन सोनारी निवासी अभिषेक गर्ग और जुगसलाई निवासी विमल कुमार भरतीया का एक मामला जीआर 1399/2015 हरियाणा व्यापारी रामनाथ कपूर और मनोज कपूर के खिलाफ था। चूंकि मामला एक करोड़ बीस लाख रुपए की राशि से संबंधित है और इस शिकायतवाद में आरोपी दिलीप गोयल एवं उनके अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के बीच एक इकरारनामा बना और तय हुआ कि इस मामले से संबंधित राशि का 10% अर्थात 12 लाख रुपए केस समाप्त होने पर उन्हें दिया जायेगा। सुलहनामा के आधार पर उक्त केस का निपटारा हो गया एवम एएसएल इंडस्ट्री को एक करोड़ बीस लाख रूपए मिल गए। परंतु करार के मुताबिक वकील सुधीर कुमार पप्पू को फीस देने में दिलीप गोयल व अन्य आनाकानी करने लगे तो उन्हें अदालत की शरण में जाना पड़ गया।



## रोटरी क्लब जमशेदपुर ईस्ट का अंतर-विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

# हिल टॉप विजेता व एलएफएस बना उप विजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रोटरी क्लब जमशेदपुर ईस्ट द्वारा मैं किशोर हूं, मैं बदल गया हूं, क्या मैं अलग हूं? विषय पर अंतर-विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गोलमुरी क्लब में आयोजित इस प्रतियोगिता में शहर के पूर्वी क्षेत्र के प्रमुख 9 स्कूलों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए प्रतिष्ठित न्यायाधीशों का एक पैनल उपस्थित था। सर्वश्रेष्ठ हिल टॉप स्कूल और उप विजेता लिटिल फ्लावर स्कूल की टीम बनी। प्रथम वक्ता विजेता आदर्श कुमार एसडीएसएम और सुनेत्रा लारू हिल टॉप रहे। इसी प्रकार उप विजेता वक्ता सौम्या सिन्हा हिल टॉप और तरूणा सुदर्शन लिटिल फ्लावर स्कूल रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिसका प्रायोजित आरटीएन कुणाल कर द्वारा किया गया था। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष प्रेमा गोगना ने कहा कि अंतर-विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिताएं छात्रों के लिए अपने वाद-विवाद कौशल को प्रदर्शित करने और विभिन्न विषयों पर अपने ज्ञान को बढ़ाने का एक उत्कृष्ट मंच है। निदेशक सुषमा पांडे ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों को स्वस्थ चर्चाओं में शामिल होने और उनकी महत्वपूर्ण सोच क्षमताओं को विकसित करने का अवसर प्रदान करती हैं। प्रतियोगिता को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष प्रेमा गोगना और निदेशक सुषमा पांडे के कुशल नेतृत्व में रोटेरियन मनीष जैन, आरटीएन तामली, और आरटीएन अनीता पॉल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर प्रीमियम की अध्यक्ष बनी नेहा चौधरी, ममता मूनका सचिव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर प्रीमियम का शपथ ग्रहण समारोह (चार्टर्ड इंस्टॉलेशन) बिष्टुपुर स्थित एक होटल में आयोजित हुआ। जिसमें लायन नेहा चौधरी को अध्यक्ष, ममता मूनका को सचिव और सपना भऊका को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलायी गयी। साथ ही 54 नए सदस्यों को लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर प्रीमियम की सदस्यता दिलायी गयी। इससे पहले अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन कमल जैन और उनकी पत्नी मंजुला जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रांची से आए पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राजेश गुप्ता ने लायंस क्लब के उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए नेहा चौधरी की नयी टीम को शुभकामना भी दी। इस अवसर पर विशिष्टि अतिथि के रूप में पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राजीव रंजन, पास्ट कौंसिल चेयरपर्सन लायन राजीव लोचन, सिलिगुड़ी से आए एलसीआईएफ लायन निर्मल गिदरा भी उपस्थित थे। अतिथियों ने नई टीम का परिचय देते हुए कहा कि लायंस क्लब का उद्देश्य है दुनिया भर के लोगों तक हर प्रकार की सेवा पहुंचाना। मौके पर क्लब के सदस्य नवनीत चौधरी ने क्लब के स्थायी प्रोजेक्ट की घोषणा की। रोहित अग्रवाल ने कहा कि क्लब के अध्यक्ष फॉक्स इम्प्लीमेंट पर होंगे। क्लब द्वारा फूड फॉर हंगर परियोजना पर भी चर्चा की गयी, जिसमें क्लब के सदस्य महेश भऊका शिरकत करेंगे। क्लब द्वारा सेवा गतिविधियों की ओर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जिसका प्रमुख कार्यकर्ता अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी) होंगे।



## 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां शुरू, पुलिस लाइन में हुआ परेड पूर्वाभ्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन द्वारा 77वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं । गोपाल मैदान बिष्टुपुर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह को लेकर परेड में शामिल टुकड़ियों ने पुलिस लाइन, गोलमुरी में पूर्वाभ्यास किया । परेड में जैप 6, जिला पुलिस बल (महिला/ पुरूष), होमगार्ड, एनसीसी (महिला/ पुरूष), स्काउट एवं गाइड की परेड टुकड़ी तथा संत मैरी स्कूल का बैंड दल शामिल हुआ। पूर्वाभ्यास में मौजूद सभी प्लाटूनों द्वारा झंडोत्तोलन, राष्ट्रीय ध्वज को सलामी एवं राष्ट्र गान का विधिवत पूर्वाभ्यास किया गया। 11, 12 को पूर्वाभ्यास के पश्चात 13 अगस्त को परेड का फाइनल पूर्वाभ्यास किया जाएगा जिसका निरीक्षण जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार संयुक्त रूप से करेंगे ।

# डॉ अजय के जन्मदिन पर नगर कांग्रेस ने किया कई कार्यक्रम, काटा केक, लगाया रक्तदान शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के पूर्व पुलिस अधीक्षक सह पूर्व सांसद और कांग्रेस के तीन राज्यों के प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सह कांग्रेस कार्यकारी समिति के सदस्य डॉक्टर अजय कुमार के जन्मदिन के अवसर पर आज पूर्वी सिंहभूम नगर कांग्रेस में गजब का उत्साह देखा गया। शहर में डॉ. अजय की अनुपस्थिति के बावजूद, उनके समर्थकों ने नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनकर के मार्गदर्शन में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अलग अलग कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया। जमशेदपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहों पर समर्थकों ने अपने प्रिय नेता के जन्मदिन पर केक काटा तो कई जगहों पर गरीबों एवं ज़रूरतमंदों के बीच भोजन वितरित किया गया। वहीं साकची नर्सिंग होम के करीब चंडी नगर (छाया नगर ) में सैकड़ों ज़रूरतमंदों के बीच भोजन सामग्री वितरित किया गया। जमशेदपुर ब्लड बैंक, धतकीडीह में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कार्यकर्ताओं के अलावा शहर के युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनकर ने कहा कि जन-जन के नेता डॉ अजय कुमार का पूरा जीवन ही कठोर परिश्रम, निष्ठा, त्याग, समर्पण एवं जनसेवा का रहा हैं एवं समाज के हर वर्ग के लिये वो हमेशा से ही एक प्रेरणा पुंज रहें हैं। जिला उपाध्यक्ष बब्लू झा ने उत्साहपूर्वक डॉ अजय कुमार के बहुआयामी व्यक्तित्व की प्रशंसा करतें हुयें कहा कि राजनीति में शायद ही पूरे देश में ऐसा कोई और जननेता हो जिसने तीन पीढ़ियों को एक समान प्रभावित किया हैं। आज हमारे साथी तो उनके फैन हैं ही पर साथ ही साथ हमारें बच्चें भी उनके सबसे उत्साही प्रशंसकों में से हैं। इस कार्यक्रम में मुख्यत रघुनाथ पांडेय, रामाश्रय प्रसाद, नट्टू झा,परितोष सिंह अंबुज सिंह,प्रिंस सिंह बब्लू झा अभिजित सिंह राजा सिंह राजपुत् एल बी सिंह, रियाजुदिन खान, ज़ेबा खान, विजय यादव उषा यादव तस्लीमा मलिक,मयंक सत्यम सिंह अमित दुबे शिल्पी चक्रब्रती,प्रेमी अंटिनी, संजय यादव सुरेश धारी, रमाशंकर पांडेय,राइस रिज़वी छबन,अफसर इमाम चिंटू, सुलतान अहमद अजितेश् उज्जैन, बादशाह, मनीष चंद्रवंशी मनीष मार्दी राकेश गुप्ता कृष्णा लोहार अभिजित बोस ईश्वर चंद्र गुप्ता, मंगलेश अमित रॉय नंदन बिट्टू प्रसाद निहाल सिंह हेमंत राज राहुल रॉय राजेश शाह सिवा हरेंद्र सिंह चंदन प्रसाद रंजीत सिंह समीम गद्दी प्रिंस आदि।




# युवा जीवन में आशा रखें, जरुरत पड़ने पर जीवन संस्था से संपर्क करें : डॉ. जैन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में आत्महत्या की बढ़ती घटनाओ पर आत्महत्या निवारण केंद्र, जीवन, जमशेदपुर ने अध्यक्ष डॉ जीवराज जैन ने कहा है कि जीवन एक अनमोल उपहार हैं, जिसे ध्यान से और सतर्कता से जीना चाहिए। युवा जीवन में बहुत सारी आकर्षक सम्भावनाएं होती हैं, लेकिन कई बार युवा अपनी कुछ आशाओं में खो जाते हैं। आशा एक वो तलवार है, जो कभी युवा को संवार सकती है और कभी उसे तोड भी सकती है। युवा अक्सर अपने जीवन में कई बड़े सपने और उद्देश्य बनाते हैं। वे जीवन के हर पहलू पर खुद को सफलता और समृद्धि की दिशा में देखते हैं। यह सही है कि युवा उच्च उत्साह और जोश के साथ जीवन को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित होते हैं। लेकिन अबकी बार, हमें ध्यान देने की ज़रूरत है। डॉ जैन ने कहा कि जीवन में आशाओं का होना सही है, लेकिन आशा में खोये रहना गलत है। युवा जब भी जीवन के मामले में आशाओं को अपने दिल में संजोता है, तो उन्हें उन आशाओं को प्राप्त करने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस समय उन्हें विचारशीलता और सजगता से काम लेना चाहिए। जीवन में सफलता और विकास के लिए आवश्यक है कि युवा अपनी आशाओं के पीछे न भागे, बल्कि कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार रहे। यह उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सफलता के मार्ग को सुगबुगा बनाता है। युवा को आशाओं में खोने से बचना चाहिए क्योंकि आशा तो एक सपना है, जो हमें अपने उद्देश्य तक पहुंचने के लिए प्रेरित करता है, लेकिन हमें उस सपने को पूरा करने के लिए कठिनाइयों का सामना करना होता है। असफलता के समय युवा अक्सर निराश हो जाते हैं, उनके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। इसलिए, उनको सभी हालातों में सकारात्मक रहना चाहिए। उन्हें खुद को साबित करने के लिए प्रेरित होना चाहिए। डॉ जैन ने कहा कि युवा जीवन से निराश न हों , जरुरत पड़ने और भावनात्मक सहयोग के लिये जीवन संस्था से संपर्क करें। उनका सहायता नंबर 92977 77500 है.



## संक्षिप्त खबरें

### समाजसेवी सोनू इराकी 45 दिन बाद जेल से आए बाहर, समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** युवा समाजसेवी सोनू इराकी 45 दिन बाद हजारीबाग डिस्ट्रिक कोर्ट से बेल मिलने पर जेल से बाहर आए। सोनू इराकी के जेल से बाहर निकलने की सूचना पर बड़ी संख्या में समर्थक बरवाडीह भोक्ता स्थान पहुंच कर फुल माला पहना कर गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बड़कागांव पश्चिमी जिप सदस्य यास्मीन निशा और जिप प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम ने भी ने भी सोनू का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सोनू के जेल से बाहर निकलने पर एक ओर जहां उनके परिजन और समर्थक खुश थे तो वहीं भावुक भी नजर आए। बड़कागांव पहुंचने पर सोनू ने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर, जगदेव प्रसाद और गुरुदयाल महतो के प्रतिमा पर मलार्पण किया। मौके पर सोनू ने कहा के मैं कोई अपराध कर के जेल नही गया था। जनहित के मुद्दे को उठाने और सच बोलने पर मुझे फंसा कर जेल भेजा गया था। जेल जाने से मेरा मनोबल कम नही हुआ है बल्कि अब मैं जानता के मुद्दे को और जोरदार तरीके से उठाऊंगा। मौके पर मो सलीम, क्रांतिकारी इमाम साहब, नदीम अहमद, जानिसार आलम, परवेज आलम, मो आर्यन, राकेश कुमार मेहता, लखविंदर ठाकुर, हाशमी, गुड्डू मलिक साबिर अंसारी, रफीक अंसारी, जहांगीर अंसारी, हुसैन अंसारी, नजीर अंसारी, तारीक अंसारी, खुर्शीद आलम, सब्बू खान, एजाजुल हक सहित सैंकड़ों समर्थक उपस्थित थे।

### टेरपा निवासी कृष्ण कुमार का अग्नि वीर व ज्योति कुमारी का बीएसएफ में हुआ चयन

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पालू पंचायत भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया यह सम्मान समारोह देश की सेवा में चयन होने के उपलक्ष में रखा गया था जिसमें कृष्णा कुमार पिता वासुदेव यादव ग्राम टेरपा का चयन अग्निवीर में ज्योति कुमारी पिता नरेश साव ग्राम टेरपा का चयन क्क्स्न? में हुआ है जिसे फुल माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया! जिसमें सभी पंचायत प्रतिनिधि पंचायतवासी मौके पर उपस्थित थे तथा सभी ने उनके एवं उनके पूरे परिवार को बधाई दिए और उनके उज्जवल भविष्य कामना किया । मौके पर मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो,पंचायत सेवक नरेश महतो,ग्राम रोज़गार सेवक राजकुमार रवि,पंचायत समिति सदस्य अजय कुमार सिंह,उप मुखिया उज्जवल कुमार सिंह,वार्ड सदस्य दिल नारायण कुमार,शिव कुमार महतो,कामेश्वर साव,विक्की कुमार,पंचायतवासी में मीरा देवी,राधा देवी,देवांति देवी, तिलेश कुमार,टेकलाल कुमार,महावीर मिंज,कमलेश कुमार, अमित यादव,राजेंद्र साव,दीनदयाल सिंह,केश्वर सिंह,संतोष सिंह,नरेश साव,बासुदेव यादव,राजेश कुमार, आबिद खान,समूला अंसारी,एवं तमाम ग्रामीण वासी उपस्थित थे।

### सड़कों की मरम्मत करें प्रबंधन : सुशील

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोलयरी क्षेत्र अरगड्डा- सिरका के मुख्य जर्जर सड़क को बनवाने का कार्य करें प्रबंधन। यह बातें गुरुवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के अरगड्डा क्षेत्र सह सचिव सुशील कुमार सिन्हा ने कहीं। उन्होंने कहां कि अरगड्डा- सिरका के दो नंबर बंगले, बैगामोड़, बीएसएनएल टावर, ट्रैकर स्टैंड, सिरका रेलवे क्रॉसिंग, पड़ारुनाला सिरका स्टैंड के समीप सड़के काफी जर्जर और इसमें गड्ढे हो चुंके हैं। जिससे दुर्घटनाओं की संभावना लगातार बढ़ती जा रही हैं। मार्गो की चौड़ाई कम रहने के कारण वाहनों के यातायात में भी काफी असुविधाएं होती हैं। इसे सही तरीके से बनाने के लिए प्रबंधन और प्रशासन पहल करें। जिससे आम जनता एंव कामगारों को आवागमन सुविधा बिना किसी कष्ट के मिल पाए।

### कांग्रेस प्रदेश प्रभारी से मिले विधायक अकेला

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही विधायक उमाशंकर अकेला झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे से नई दिल्ली में भेंट किया। वहीं आगामी लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय सीट के समीकरण पर चर्चा किया। जानकारी देते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत के लिए पार्टी उन्हें जो भी दावित्य देगी उसका निर्वहन करते हुए वे हजारीबाग लोकसभा में पार्टी की जीत सुनश्चित करेंगे।



### कटकमदाग प्रमुख की अनुशंसा पर दुरुस्त होंगी आधा दर्जन गांवो की सड़कें

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ग्राम हत्थामढ़ी एनएच 100 से हरिजन शमशान घाट होते हुए ग्राम तिलैया तक की सड़कों के पुनरुद्धार और कालीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। कटकमदाग प्रमुख कुमारी बिनीता की अनुशंसा एवं पूर्व मुखिया उदय साव के निर्देशन के उपरांत यह योजना धरातल पर आई है।इस योजना के लिए डीएमएफटी मद से 2 करोड़ 63 लाख 30 हजार 9 सौ का प्राक्कलन राशि बना कर तैयार की गई है । प्रखंड प्रमुख ने कहा कि सड़क निर्माण के लिए सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई साथ हीं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल हजारीबाग द्वारा निविदा जारी कर अंचल अधिकारी कटकमदाग से भूमि सीमांकन हेतु पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया है ।प्रमुख कुमारी बिनीता ने कहा की बहुत ही जल्द टेंडर प्रक्रिया का निस्तारण कर सड़क निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा।

### कोनरा पंचायत में मेरा माटी, मेरा देश अभियान को सफल बनाने को लेकर हुई बैठक

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत कोनरा पंचायत में मेरा माटी, मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कोनरा मुखिया यासमीन तबस्सुम ने किया। मौके पर निर्णय लिया गया की हमारे देश के वीरगति को प्राप्त हुए शहीदों के नाम शीला पर लिखा जायेगा। मौके पर मुखिया ने कहा कि यह अभियान आगामी 9 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक चलेगा, अभियान का मुख्य उद्देश्य देश के वीरों की पूजा है जिन्होंने हमारे कल के लिए अपने आज का बलिदान कर दिया। मौके पर पंचायत सचिव प्रवीण राम, मुखिया प्रतिनिधि मो. ताजुद्दीन उर्फ लल्लू, संजू कुमारी प्रियंका प्रकाश, कांग्रेस पार्टी के कोनरा पंचायत अध्यक्ष मो. बख्तियार, मो. रियाज, मो. सद्दाम, मो.जब्बार आदि मौजूद थे।

### फाईलेरिया से मुक्ति के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन-2023 अभियान का शुभारंभ

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 अगस्त'23 को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज परिसर में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए)-2023 अभियान का शुभारंभ उप विकास आयुक्त प्रेरणा दिक्षित के द्वारा दिप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक भयंकर बीमारी है किन्तु इसका बचाव आसान है। याद रहे हाथी पांच एक लाइलाज बीमारी है जो मनुष्य को विकलांग बना देती है किन्तु कार्यक्रम के दौरान दवा का एक खुराक का सेवन किया जाय तो इस बीमारी से बचा जा सकता है इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लक्षित आबादी को दवा खुराक तालिका के अनुसार फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी टैबलेट एवं कृमिनाशक दवा अलबेंडजोल टैबलेट की एकल खुराक का सार्वजनिक सेवन निश्चित रूप से कराकर जन समुदाय को फाइलेरिया मुक्त बनाना है।

## किक बॉक्सिंग के सफल खिलाड़ियों को युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी बीते 6 महीना में खेल को लेकर काफी उत्साह में नजर आ रहे हैं हर क्षेत्र में खिलाड़ी शहर का नाम रौशन कर रहे हैं। इसी क्रम मे बीते 6 अगस्त को झारखंड की राजधानी रांची में राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में शामिल हुए। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाते हुए हजारीबाग का नाम रौशन करते हुए कुल 11 खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान हासिल किया। जिसके बाद गुरुवार को शहर के युवा समाज हर्ष अजमेरा ने अपने कार्यालय सभागार में सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सम्मानित के उपरांत सभी खिलाड़ियों के चेहरे पर एक अलग खुशी देखने को मिली। इन सभी खिलाड़ियों में सबसे छोटी 8 वर्ष की ऐशिका रॉय शामिल है। सभी खिलाड़ी 23 अगस्त को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए रवाना होंगे। मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने सभी सफल खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सब शिक्षा के साथ-साथ खेल की ओर यूं ही अग्रेषित होते रहे हम सब आपके साथ सदैव खड़े हैं। हमारी अग्रिम शुभकामनाएं हैं की आप सब राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में झारखंड तथा हजारीबाग का नाम रौशन करें।

## आगामी स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए सिदो कान्हू मैदान में सभी तरह की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने परेड एवं बैंड प्रस्तुति में भाग लेने वाले सभी पुलिस बल, एनसीसी व छात्र-छात्राओं के लिए पूर्व अभ्यास के दौरान मैदान में मूलभूत सुविधाएं, चिकित्सा सेवाएं आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों के दौरान राधा गोविंद उच्च विद्यालय रामगढ़ एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ की छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय गाना गाया जाएगा। इसके लिए उपायुक्त ने पूर्व अभ्यास कर कार्यक्रम के दिन पूरी तरह से तैयार रहने का निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी मधशालाओं एवं बधशालाओं को दिनांक 14 अगस्त 2023 के रात्रि 12ः00 से 15 अगस्त 2023 की रात्रि 12ः00 बजे तक बंद रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश सहायक आयुक्त उत्पाद एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ को दिया।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पतरातू में विद्यालय के शिक्षकों एवं बाल संसद की बैठक हुई ढ्ढ इस बैठक में आगामी स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई। जिसमें स्वतंत्रता दिवस के दिन प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा बच्चों के द्वारा कराटे व अन्य कार्यक्रमों के आयोजन पर जोर दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से वॉर्डन पुष्पा कुमारी लेखपाल पप्पू कुमार शिक्षिका ज्योति कुमारी सीमा कुमारी इमोलिका शर्मा ऐश्वर्या कुमारी सीता कुमारी स्वाति गिरी एवं विद्यालय के बाल संसद की बच्चिया शामिल रहे ।



## 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाएगी भाजपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** देश के विभाजन की 76वीं स्मृति दिवस को विभाजन विभीषिका के रूप में मानने हेतु भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय रामगढ़ में एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई जिसके मुख्य अतिथि कार्यक्रम के उत्तरी चोटानागपुर प्रमंडलीय प्रभारी सुदेश चंद्रवंशी एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता जी रहे। वरिष्ट पदाधिकारियों की उपस्थित में श्री चंद्रवंशी ने कहा की केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार विभाजन के समय मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात करने,राष्ट्रीय झंडे के साथ मौन जुलूस निकालने सहित ऑडिटोरियम में विभाजन पर बनी डॉक्यूमेंट्री को प्रसारित कर उन लाखों लोगों को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम जिला स्तर किया जाना तय हुआ है जिसमे आमजनों की भी सहभागिता रहेगी। जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पांच सदस्यीय पदाधिकारियों की टीम की घोषणा करते हुए हुए कहा की विभाजन विभीषिका का दर्द कभी भुला नहीं जा सकता क्योंकि ये त्रासदी मात्र एक महत्वकांक्षी व्यक्ति का सत्ता सुख भोगने के लिए पूरे देशवासियों पर थोपा गया जो शर्मनाक था।

इस अवसर को प्राथमिकता देते हुए महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू ने कहा की कार्यक्रम को मात्र केंद्रीय नेतृत्व द्वारा निर्देशित नही बल्कि आज हर देशवासियों के दर्द आत्मसम्मान से जोड़कर देखा जाना चाहिए क्योंकि मात्र एक व्यक्ति की महत्वकांक्षा और आत्मशांति हेतु देश के दो टुकड़े किए गए थें। इस आवश्यक बैठक में महामंत्री छोटन सिंह, उपाध्यक्ष आनंद बेदिया, अखिलेश सिंह,मंत्री वसुध् तिवारी, दिलीप सिंह,मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, आईटी सेल प्रवीन सोनू, सोशल मीडिया संतोष शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।



## बड़कागांव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 48वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 48 वें जन्मदिन के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली के द्वारा प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय सिंह एवं संचालन किशोर राणा ने किया। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन केक काटकर और एक दूसरे को केक खिला कर धूमधाम से मनाया। मौके पर संजय सिंह ने कहा हेमंत सोरेन की सरकार आदिवासी मूल निवासी के लिए धरातल पर कार्य कर रही है। छात्राओं के लिए सावित्रीबाई फुले योजना, गरीब महिलाओं एवं पुरुषों के लिए वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन दिया जा रहा है। युवाओं के लिए कल्याण विभाग से कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, मुखिया इलियास अंसारी, झमन महतो, राकेश मिश्रा, सफीउल्लाह अंसारी, दिनेश कुमार रवि, वासुदेव यादव, संजय भुईयां, नंदकिशोर भुईयां, बबलू अंसारी, रेशमी टुडू ,अशोक गुप्ता, मुनेश रवि, पवन तुरी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## बिरसा मुंडा बागबानी योजना के तहत आम पौधे का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के बादम पंचायत भवन में बिरसा मुंडा बागबानी योजना के तहत 30 लाभुकों के बीच आम के पौधे का वितरण किया गया। रोजगार सेवक फजल उर रहमान ने कहा के मनरेगा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को सालाना सौ दिन के रोजगार की गारंटी देना व आजीविका वर्धन और गांव की मूलभूत सुविधाएं बढाना है। किसानों को मनरेगा के तहत आम बागवानी करने से किसान अपने बागवानी में सौ दिनों का कार्य मनरेगा में कर सकते है। जिससे किसानों की परिसंपत्ति भी बनेगी और मजदूरी भी प्राप्त होगी। मुखिया सुनीता देवी ने कहा के बागबानी योजना बारिश के मौसम में लाभुकों को दिया जाता है। एक एकड़ जमीन में एक योजना दिया जाता है। एक योजना में 112 आम का पौधा लगाया जाता है। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत सचिव खुशनारायण मेहता, पंचायत समिती सदस्य राजा खान, पूर्व मुखिया दिपक दास, वार्ड सदस्य प्रति निधी कैसर अंसारी, र्वाड सदस्य प्रमोद महतो, त्रिलोकी साव, र्निमल साव, भागीरथ ठाकुर, इरशाद अहमद, दिनेश रजक, शॉती देवी, लालो साव, फिरोज अंसारी आदि उपस्थित थे।



# अदाणी फॉउंडेशन के सहयोग से अब महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित जीडीएम चौक के निकट बुधवार को गंगा एसएचजी (सेल्फ हेल्प ग्रुप) का उद्घाटन किया गया। यह ग्रुप खनन प्रभावित क्षेत्र गोंदलपुरा और रूदी गांव के ग्यारह महिलाओं का एक समूह है, जिसने अदाणी फॉउंडेशन के सहयोग से स्वरोजगार शुरू किया है। अदाणी फाउंडेशन ने लगभग दस लाख रुपए की लागत से गंगा एसएचजी नामक इस मिल की स्थापना की गयी है, जहां शुद्ध सरसों, तिल, नारियल और सूरजमुखी तेल उपलब्ध है। इसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के शुद्ध तेल मुहैया कराने का भी है। उद्घाटन के पहले दिन ही यहां एक सौ से अधिक लीटर तेल की बिक्री हुई।

यहां के सरसों तेल की कीमत फिलहाल एक सौ पचास रुपए और नारियल तेल की कीमत 350 रुपए प्रति लीटर तय की गयी है। ग्राहकों के इस विश्वास से महिला सदस्यों का हौसला भी बढ़ा है।

**खनन प्रभावित क्षेत्र की महिलाएं होंगी स्वाबलंबी :** कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्वों के तहत अदाणी फॉउंडेशन द्वारा शुरू इस मिल से इलाके की महिलाओं को स्वरोजगार का साधन मुहैया कराया गया है, जिससे खनन प्रभावित क्षेत्रों की ये महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी। अदाणी फॉउंडेशन के अधिकारियों ने बताया कि खनन परियोजना प्रभावित क्षेत्र की महिलाएं और पुरुष को स्वरोजगार के लिए अदाणी फॉउंडेशन सहायता करेगा।

उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर बड़कागांव सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार, बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की, गोन्दलपुरा खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दूबे, सेवानिवृत डीएसपी सूर्य कुमार सिंह, सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता और शरद मिश्रा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं मौजूद थीं।




## झामुमो कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन केक काटकर मनाया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड संयोजक मंडली के अगुवाई में प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्तरी पंचायत सचिवालय में प्रदेश के मुख्यमंत्री सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का 48वां जन्मदिवस उत्सव पर पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता की उपस्थिति में संयोजक मंडली के कुदुश अंसारी,यासीन खान,प्रमोद गुप्ता,धीरेंद्र पांडेय के द्वारा केक काटकर कार्यकर्त्ताओं को केक खिलाकर हर्षोल्लास के साथ मनाया.झारखंड के यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की लंबी उम्र और स्वस्थ सेहत जीवन की कामना ईश्वर से की जन्मदिन उत्सव के मौके पर मुख्य संयोजक मंडली के सदस्य कुदुश अंसारी ने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक सच्चे आदर्शो और सिद्धांतों के नेता हैं जो सभी समुदाय को साथ लेकर चलने की माद्दा रखते हैं।यासीन खान ने कहा कि सूबे के युवाओं को रोजगार देने के लिए माननीय मुख्यमंत्री ने सभी विभागों में नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया है।प्रमोद गुप्ता ने कहा कि सूबे में लोकप्रिय हेमंत सरकार आदिवासी,मूलवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़ों की उत्थान के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं।

## तीन दिनों के अंदर दखल देहानी दिलाया जाय : झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** ग्राम मरार के भू-वापसी आदेश के तहत रामगढ़ अंचल अधिकारी के द्वारा दखल देहानी दिलाने के बजाय भू-माफिया के पक्ष मोटी रकम लेकर टाल-मटोल कर रही है जिसके खिलाफ आज एक दिवसीय सांकेतिक धरना रामगढ़ अंचल अधिकारी कार्यालय के समक्ष दिया गया। धरना के पूर्व बिजुलिया से एक रैली निकाली गई जो सैकड़ों महिला-पुरुष नवजवान अपने हाथों में झंडा बैनर लिए नारा लगाते हुए कार्यालय तक पहुंचे।

धरना सभा स्थल में संबोधन झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा सह आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेता नागेश्वर मुंडा,गणेश बेदिया, मुनिया देवी, सुरेश बेदिया,अखिल भारतीय किसान महासभा के देवानंद गोप,एक्टू के मजदूर नेता अमल कुमार, भाकपा-माले रामगढ़ जिला सचिव- भुनेश्वर बेदिया, झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष देवकीनंदन बेदिया और अंत सरयू बेदिया मांग पत्र का पाठ किया गया और अंचलाधिकारी को ज्ञापन सुपुर्द की गई। धरना सभा का संचालन शैलेन्द्र बेदिया ने किया। नेताओं ने संबोधन में कहा कि अंचल अधिकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। दखल देहानी नहीं दिलाना दरअसल में भू-माफिया से लाखों रुपए कमिशन के बतौर ले रखा है। भू-वापसी आदेश हुए दो महीने बीत गया और आवेदन दिए एक महीना बीत गया है लेकिन दखल देहानी का टाल-मटोल करते रहे हैं। रामगढ़ को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग किया गया।



## लक्षित सदस्य छुटे नही, सुरक्षा चक्र टूटे नही : डॉ. अरुण कुमार सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ सीएचसी में एमडीए योजना के तहत फाइलेरिया विलोपन के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी एवं सीएचसी प्रभारी डॉ0अरुण कुमार सिंह ने फाइलेरिया(हाथी पाँव)रोग से ग्रसित लोगो से फाइलेरिया के दुष्प्रभाव के बारे में लोगो से एक अपील की थी,जिसके तहत राजू सिंह,पिता -भिखो सिंह,बैजनाथ साव,पिता-जानकी साव,वेणी साव,पिता-स्व0दर्शन साव,शंकर मंडल,पिता-जगरनाथ मंडल ने विष्णुगढ़ सीएचसी आकर संदेश देते हुए खुद पर बीती-आपबीती एवं फाइलेरिया के दुष्परिणाम की बात बताई। बीडीओ संजय कुमार कोंगारी एवं सीएचसी प्रभारी ने उपरोक्त लोगो को बुके देकर स्वागत किया । फाईलेरिया विलोपन को लेकर सरकार द्वारा आयोजित एमडीए कार्यक्रम के तहत जानकारी देते हुए सीएचसी प्रभारी डॉ0अरुण कुमार सिंह ने कहा कि कुछ लोगो को छोड़कर जैसे 01 एक वर्ष कम आयु के बच्चे,गर्भवती महिला,गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगो को फाईलेरिया की दवा नही दी जा सकती ।प्रखण्ड में 208649 लोगो मे लक्षित 187078 लोगो को फाइलेरिया दवा दी जानी है,जिसमे आज 17109 लोगो को दवा खिलाई जा चुकी है ।187078 लोगो को दवा खिलाने के लिए 26 टीम बनाई गई है,जिसमे सुपरवाइजर समेत कुल 769 कर्मी शामिल है ।विष्णुगढ़ प्रखंड के अलावे टाटीझरिया प्रखण्ड के चार पंचायत के लोग भी इसी सूची में आते है। निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति 10 अगस्त से 25 अगस्त तक पूरा करने का बीड़ा हमसबों ने उठाया है,जिसमे आम-खास, सभी जनप्रतिनिधियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है । अंत मे बस इतना कहना है,लक्षित सदस्य छुटे नही,सुरक्षा चक्र टूटे नही । उपरोक्तानुसार एमडीए के तहत भेलवारा पंचायत में मुखिया लक्ष्मी कुमारी की उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्र में बीडीओ सजंय कुमार कोंगारी ने जाकर कार्यक्रम का उद्धघाटन किया। इस योजना के तहत प्रखण्ड के बक्सपुरा पंचायत में मुखिया नन्हकू महतो, सिरैय पंचायत में मुखिया हेमन्ती देवीतथा मडमो पंचायत में मुखिया कुंती देवी एवं प्रखण्ड के अन्य पंचायतो के मुखिया के द्वारा खुद फाईलेरिया की दवा खाकर लोगो को प्रोत्साहित करने का कार्य किया गया ।




प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## बाल विवाह करने व कराने वाले समान रूप से दोषी : शंकर रवानी




**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के द्वारा गुरूवार को स्वामी विवेकानंद इन्टर कालेज महुदा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहापट्टी में छात्र छात्राओं के बीच बाल विवाह, बाल हिंसा रोकथाम पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में करीब पांच सौ छात्र छात्राओं एवं शिक्षको ने बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण का शपथ लिया। ट्रस्ट के संस्थापक एवं बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा की बाल विवाह करने एवं कराने वाले दोनो समान रूप से दोषी है, ट्रस्ट द्वारा 150 गांव में सघन जागरूकता का कार्य कर रही है, ताकी धनबाद जिला को बाल विवाह मुक्त जिला बनाया जा सके। मौकेजिला परिषद सदस्य आशा देवी ,पर महाविद्यालय के सचिव सिकन्दर हुसैन शाह, प्राचार्य प्रेम रवानी, मुखिया सुनीता देवी, राहुल राय, भागीरथ सिंह, शिवलाल सिंह, जनार्दन पाठक, कार्तिक महतो, ममता कुमारी, करन महतो, कमला कुमारी, पंचायत समिति सदस्य अनिता देवी, बसंत कुमार पाठक, मुमताज अंसारी आदि ने सेमिनार को संबोधित किया ।

## गोल्फ ग्राउंड एथलिट क्लब ने किया मैराथन दौड़ आयोजित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के रणधीर वर्मा स्टेडियम में गोल्फ ग्राउंड एथलिट क्लब के द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में लड़के एवं लड़कियां ने भाग लिया जबकि लड़कियों के लिए दौड़ 2 किलोमीटर तथा लड़को के लिए 5 किलोमीटर का मानक प्रक्रिया रखा गया। गोल्फ ग्राउंड एथलीट क्लब के विकास कुमार ने मीडिया को बताया कि आज एनजीओ के तरफ से यह पहला मैराथन दौड़ है जिसमें काफी संख्या में लड़के और लड़कियां ने भाग लिया है। कहा की धनबाद वासियों के बच्चों की प्रतिभा सामने उभर कर नहीं आ पाता इसलिए गोल्फ ग्राउंड एथलीट क्लब एनजीओ के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया ताकि छुपे प्रतिभा को बाहर लाना और सही प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित करना है। लड़के एवं लड़कियों के लिए डाइट्स एवं ड्रेसिंग के लिए हमारे एनजीओ की ओर से बहुत जल्दी सुविधा प्रदान की जाएगी।

## झारखंड प्रदेश किन्नर समाज के अध्यक्ष ने गरीबों को कराया भोजन

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश किन्नर समाज के अध्यक्ष



छम छम देवी किन्नर के द्वारा गुरुवार को गरीबों और लाचारों को भोजन कराया। इस मौके पर झारखंड आइकॉन श्वेता किन्नर मुख्य रूप से मौजूद थी। उन्होंने वस्त्र और राशि भी बांटे। इस मौके पर छम छम देवी ने बताया कि यह आयोजन वो लगभग 25 वर्षों से करती आ रही हैं। यह कार्य कर मुझे और हमारे समाज को काफी संतुष्टि मिलती है। साथ ही इन लोगों से अपने जजमानो की खुशी के लिए दुआ भी करवाती हूं। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोगियों को भोजन कराना बहुत ही पुण्य का काम है जिसे सभी को करनी चाहिए। मौके पर निर्मला किन्नर, रेखा किन्नर, राखी किन्नर, कलावती किन्नर, काजल किन्नर, सुनैना किन्नर, नूरी किन्नर समेत कई किन्नर शामिल थे।

# 13 से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा हर घर तिरंगा अभियान

## फ्लैग कोड ऑफ इंडिया 2002 व प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टू नेशनल ऑनर एक्ट, 1971 का करना होगा पालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भारत के स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर 13 अगस्त 2023 से 15 अगस्त 2023 तक "हर घर तिरंगा" अभियान चलाया जाएगा।




इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने बताया कि भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को स्मरण करने, भारत के आम नागरिकों के हृदय में देशभक्ति की भावना को सुदृढ करने एवं भारत के स्वतंत्रता दिवस को जश्न के रूप मनाने के उद्देश्य से फ्लैग कोड ऑफ़ इंडिया, 2002 एवं प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टू नेशनल ऑनर एक्ट, 1971 का अनुपालन करते हुए आम नागरिकों के घरों एवं धनबाद जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी जिला, प्रखण्ड, पंचायत, क्षेत्र स्तरीय कार्यालयों, सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना है।

"हर घर तिरंगा" अभियान के जिला में संचालन के लिए महेश भगत, निदेशक (योजना) - सह - जिला योजना पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी तथा दिलीप कुमार, जिला खेल पदाधिकारी को सहायक नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है।

"हर घर तिरंगा" अभियान के सफल संचालन के लिए जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी जिला, प्रखण्ड, पंचायत, क्षेत्रस्तरीय कार्यालयों, सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों तथा कार्यालय कर्मियों को अपने-अपने घरों पर संबंधित कार्यालय प्रधानों के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के दौरान राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जायेगा। कर्मियों व नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के साथ सेल्फी अपलोड करने के लिए जागरूक करने तथा सोशल मीडिया के अधीकृत हैसटैग #harghartringa का उपयोग करनें के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। अभियान के संचालन के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन, पंचायती राज पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी जिला स्तरीय कार्यालय प्रधान को कार्य आवंटित किया गया है।

## बीसीसीएल कर्मी को अपराधियों ने मारा चाकू, स्थिति गंभीर

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोयलांचल में बीसीसीएल पश्चिमी झरिया क्षेत्र के मुनीडीह कोलियरी के मुरलीडीह 20/21 पीट पर बुधवार रात चोरों ने धावा बोल दिया। इस दौरान यहां कार्यरत पंप ऑपरेटर मो. याकूब अंसारी को चाकू मारकर अपराधियों ने बुरी तरह से जख्मी कर दिया है। जख्मी बीसीसीएल कर्मी को जगजीवन नगर स्थित केंद्रीय अस्पताल लाया गया है,जहां उनका इलाज चल रहा है। बीसीसीएल कर्मी की स्थिति नाजुक बनी हुई है। धनबाद में चाकूबाजी को लेकर मो. याकूब अंसारी के साथियों ने बताया कि बुधवार शाम 4:00 बजे से लेकर रात्रि 12:00 बजे तक उनकी ड्यूटी थी। वह ड्यूटी पर वह तैनात थे। रात के करीब 8:00 बजे 4 से 5 की संख्या में अपराधियों ने धावा बोल दिया। चोरों के द्वारा वहां समर्सिबल पंप को खोलने की कोशिश की जा रही थी। इसी बीच ड्यूटी पर तैनात मो. याकूब अंसारी की नजर अपराधियों पर पड़ी। याकूब के द्वारा शोर मचाया गया लेकिन याकूब को चुप कराने के लिए चोरों ने उनके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। याकूब के सीने और पेट में चार से पांच बार वार किया गया। इस हमले के बाद याकूब वहीं बेसुध होकर गिर गये। ड्यूटी के अन्य कर्मियों ने उसे रास्ते से आने जाने के दौरान बेसुध पड़ा देखा। वह खून से लथपथ पड़े थे। इसके बाद परिजन व प्रबंधन को मामले की जानकारी दी गई। सूचना मिलने के बाद परिजन व अन्य लोग मौके पर पहुंचे। आनन फानन में जगजीवन नगर स्थित केंद्रीय अस्पताल में बीसीसीएल कर्मी मो. याकूब अंसारी को भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। बता दें कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व में भी अपराधियों के द्वारा एक बीसीसीएल कर्मी के ऊपर हमला किया गया था, जिनकी मौत हो गई थी। उनका नाम राम जीवन लोहार था।

## केंद्रीय अस्पताल में फर्जी ढंग से नौकरी लेने का मामला आया सामने



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद के केंद्रीय अस्पताल में फर्जी तरीके से नौकरी लेने और कार्य करने का मामला सामने आया है। भोला डोम नामक व्यक्ति का कहना है की उसके हुबहू नाम का एक व्यक्ति है जो उसकी जगह पर केंद्रीय हॉस्पिटल में नौकरी कर रहा है। आरोपी जब एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज के कार्यालय पहुंचा तब उसे इस फर्जीवाड़े का पता चला। आरोपी द्वारा बीसीसीएल के सीएमडी को पत्र लिखकर शिकायत किया गया है और जांच का अनुरोध किया गया है। आरोपकर्ता भोला डोम का कहना है की जो व्यक्ति उसकी जगह नौकरी कर रहा है उसका नाम श्रीकांत बांसफोर है और उसके पिता का नाम बंशी बांसफोर है। जबकि वो भोला डोम के नाम से नौकरी कर रहा है और कम्पनी के क्वार्टर को अपने नाम पर लेकर किराया पर दे दिया है। ये व्यक्ति मेरे साथ साथ कंपनी को भी दोखा दे रहा है।

# सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी को अवैध खनन के विरुद्ध छापेमारी करने का दिया गया निर्देशं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** माइनिंग टास्क फोर्स एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जहां-जहां अवैध खनन की सूचना प्राप्त हो रही है, वहां एफआईआर किया जा रहा है। अंचलाधिकारी तथा सभी संबंधित थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है कि अधिक से अधिक स्थानों पर अवैध खनन के विरुद्ध छापेमारी करें। प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारी ने कहा कि प्रदूषण से वातावरण दूषित होने कि 6 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिनमें चार का जांच कर प्रतिवेदन विभाग को भेजा गया है। वही 2 पर अभी कार्रवाई चल रही है। सीसीएल के जीएम ने बताया कि अवैध खनन को रोकने के लिए ज्वाइंट एक्शन की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के साथ इसके लिए बैठक की जा रही है। डीएसपी वन एवं एसडीपीओ सदर ने बताया कि अवैध खनन के वाहनों पर संबंधित पदाधिकारियों द्वारा एफआईआर की जानी चाहिए, जो कि नहीं की जा रही है। एफआईआर करना अति आवश्यक है। वहीं रोड सेफ्टी की बैठक में डी एस पी 1 ने बताया कि पुलिस के द्वारा विभिन्न विद्यालय में रोड सेफ्टी से संबंधित अवेयरनेस ड्राइव किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जहां-जहां पुल पुलिया हैं उनके किनारे रंबलर स्ट्रिप लगाना चाहिए। इसके नहीं होने के कारण काफी दुर्घटनाएं होती हैं। सड़कों पर कहीं भी साइनेज नहीं है। कई स्थानों पर सड़कों पर गड्ढे हैं, जिसके कारण सड़क दुर्घटना होने की संभावना रहती है। अपर समाहर्ता ने कहा कि ऐसे सभी पुल पुलिया को चिन्हित कर वहां पर रंबलर स्ट्रिप और साइनेज लगाया जाएगा।

वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि विद्यालय के आसपास साइनेज एवं जेबरा क्रॉसिंग होना जरूरी है। परिवहन विभाग के पदाधिकारी ने कहा कि वाहनों का कई स्थानों पर जांच किया जा रहा है। उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि सभी विभाग समन्वय के साथ काम करें। बैठक के दौरान उपायुक्त गिरिडीह, पुलिस अधीक्षक गिरिडीह, आईएएस प्रशिक्षु, अपर समाहर्ता, डीएसपी 1, एसडीपीओ सदर, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पदाधिकारी खोरीमहुआ, अनुमंडल पदाधिकारी बगोदर, उपनगर आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित है पदाधिकारी मौजूद थे।

# 14 अगस्त आजादी मार्च की तैयारी शुरू, बेंगाबाद प्रखंड के सभी पंचायतों से होगी भागीदारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** भाकपा माले आगामी 14 अगस्त को बिरनी प्रखंड के बरमसिया चौक से धनवार प्रखंड के गांधी चौक तक 15 किलोमीटर लंबा आज़ादी मार्च निकालेगी, जिसकी अगुवाई पार्टी महासचिव कामरेड दीपांकर भट्टाचार्य करेंगे। आज इसकी तैयारी को लेकर बेंगाबाद पार्टी कार्यालय में प्रमुख कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग हुई। मीटिंग की अगुवाई प्रखंड सचिव शिवनंदन यादव ने की।



मीटिंग को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य राजेश यादव ने कहा कि, भाजपा के शासन ने देश के आम लोगों का जीना दूभर कर दिया है। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। महिला सम्मान की बात करने वाली भाजपा के शासन में मणिपुर की घटना ने पूरे देश को शर्मसार किया है। हक-अधिकार के लिए लड़ने वालों का दमन-उत्पीड़न जारी है।

कहा कि, मोदी सरकार एक तरफ कॉरपोरेटों की सेवा कर रही है, तो दूसरी ओर विरोध में उठने वाली हर आवाज को दबा देना चाहती है। इस सरकार से निजात पाए बिना देश का भला नहीं हो सकता। तमाम जन मुद्दों को फोकस करते हुए 14 अगस्त को 'भाजपा हटाओ, देश बचाओ', 'आजादी बचाओ-लोकतंत्र बचाओ', 'संविधान बचाओ' नारे के साथ बेंगाबाद प्रखंड से सैकड़ो लोग आज़ादी मार्च में शामिल होंगे। आजादी मार्च की तैयारी मुकम्मल करने के लिए सभी पंचायत प्रभारियों को जिम्मेवारी दी गई।

## उपायुक्त ने की भवन निर्माण, भवन निगम सहित अन्य विभागों की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपयुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज भवन निर्माण, भवन निर्माण निगम लिमिटेड, लघु सिंचाई सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आवासीय योजना, खाद्य आपूर्ति व स्वास्थ्य विभाग में किया जा रहा निर्माण, सेल टैक्स विभाग, मत्स्य विभाग, झरिया व टुंडी में निर्मित डिग्री कॉलेज, मल्टीपरपज परीक्षा केंद्र,आवासीय विद्यालय, मॉडल स्कूल टुंडी, पीएचसी फुलारीटांड, एकलव्य विद्यालय, बालिका आवासीय विद्यालय, तालाब निर्माण, अमृत सरोवर सहित अन्य विभागीय योजना की समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी योजनाओं को समय पूरा करने, विधि व्यवस्था या भूमि से संबंधित समस्या आने पर वरीय पदाधिकारियों से संपर्क करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता चंदन कुमार, भवन निर्माण निगम लिमिटेड के कनीय अभियंता समीर तिर्की, अमर कुमार, लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता तरुण दास व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों ने जेएफए के महासचिव पर लगाए गंभीर आरोप




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला फुटबॉल संघ (निबंधित) के पदाधिकारियों ने एडहोक कमेटी को फर्जी बताते हुए कहा कि पैसे की बंदरबांट के लिए ही जेएफए के महासचिव गुलाम रब्बानी ने धनबाद में फुटबॉल संघ की एडहोक कमेटी बनाई है। जब हमारी कमेटी निबंधित हो चुकी है तो एडहोक कमेटी बनाने की जरूरत कहां से आ गई। गुरुवार को यूनियन क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में धनबाद फुटबॉल जिला फुटबाल संघ (निबंधित) के कार्यकारी अध्यक्ष कुबेर सिंह ने कहा कि गुलाम रब्बानी का मकसद सिर्फ एक है कि वह अपने बेटे को झारखंड फुटबाल एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी के पद पद पर बैठाना चाहते हैं। उन्होंने झारखंड फुटबॉल संघ के चुनाव में फर्जीवाड़ा किया है। वह जल्द ही इसका खुलासा करते हुए ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन को इसकी जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य के सात जिलों में गुलाम रब्बानी ने एडहोक कमेटी बनाकर वहां विवाद पैदा करवा दिया है। उनका मकसद है कि एडहोक कमेटी के माध्यम से वह फर्जी बिल की निकासी करेंगे। वही धनबाद जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष रवि आनंद ने कहा कि जिस सरकार से गुलाम रब्बानी ने धनबाद फुटबॉल संघ को निबंधित कराया है, वहीं से धनबाद जिला फुटबॉल संघ की हमारी कमेटी भी निबंधित है। अगर हम गलत हैं तो झारखंड फुटबॉल संघ भी गलत है। महासचिव फैयाज अहमद ने कहा कि झारखंड के लीग खस्सी टूर्नामेंट बनकर रह गए हैं। ऑल इंडिया फुटबाल फेडरेशन के सीआरएस सिस्टम से कोई लीग रजिस्टर्ड नहीं है। करीब 20 साल से संघ पर कब्जा करके गुलाम रब्बानी ने झारखंड में फुटबॉल को गर्त में पहुंचा दिया। हम लोगों ने एडहोक कमेटी बनाकर उसका बायलॉज बनाया लेकिन उन्होंने चुनाव तक नहीं कराया। इसमें हमारी कमेटी की कहां गलती है। वह खुद ही चुनाव कराना नहीं चाहते हैं।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी, परेड रिहर्सल में 11 प्लाटून शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले के रणधीर वर्मा स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। समारोह के दौरान होने वाले परेड को लेकर पुलिस के द्वारा रिहर्सल किया जा रहा है। 13 तारीख को फाइनल रिहर्सल है। परेड में कुल 11 प्लाटून शामिल हैं।

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिले के उपायुक्त वरुण रंजन ने विभिन्न तैयारियों का संपूर्ण प्रभार उप विकास आयुक्त प्रकाश सिंह को सौंपा है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल पर सुबह 9:05 पर झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद 10:00 बजे डीसी कार्यालय में झंडोत्तोलन कार्यक्रम है। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 10:10, एसडीओ कार्यालय में 10:20, मिश्रित भवन में 10:30, गांधी सेवा सदन में 10:45, रेड क्रॉस सोसाइटी में 11:00 बजे और पुलिस लाइन में 11:10 पर झंडोत्तोलन का कार्यक्रम निर्धारित है।

मुख्य समारोह स्थल पर डीएपी एनसीसी के दो प्लाटून और सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, जेएपी, होमगार्ड, आरपीएसएफ और भारतीय स्काउट एंड गाइड का एक-एक प्लाटून परेड में हिस्सा लेगा। 9 अगस्त से शुरू हुए परेड रिहर्सल का 13 अगस्त को फाइनल रिहर्सल है। मुख्य समारोह में कोल फील्ड स्कूल सरायढेला के छात्रों द्वारा राष्ट्रगान गाया जाएगा। विभिन्न विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।



14 अगस्त और 15 अगस्त को शहर के श्रमिक चौक, स्टील गेट, रणधीर वर्मा चौक, अंबेडकर चौक सहित अन्य प्रमुख चौक-चौराहों तथा समाहरणालय भवन, अनुमंडल कार्यालय भवन, मिश्रित भवन, वाणिज्य कार्यालय आकर्षक रोशनी से सजाए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 80 अमृत सरोवर पर झंडोत्तोलन किया जाएगा. संध्या 6:30 बजे से 8:30 बजे तक न्यू टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

## भारत जोड़ों की बात-आम जनों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बलियापुर :** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र संघीयाडीह और आमटाल टोला गांव में भारत जोड़ो की बात - आमजनों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह व जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष राशीद रजा अंसारी। ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा दोनों का फुल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना व समझा और हर संभव समाधान करने का भरोसा जताया। साथ ही कांग्रेस की विचारधारा से सभी लोगों को अवगत कराया।

# धनबाद फुटबॉल संघ की पुरानी कमिटी भंग, नई कमिटी गठित

## श्याम, शब्बीर, मृदुल और सलाउद्दीन को मिली जिम्मेदारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद क्लब में एक प्रेसवार्ता कर झारखंड फुटबॉल संघ द्वारा पुरानी कमेटी को भंग कर मान्यता प्राप्त नई कमेटी की घोषणा धनबाद जिला फुटबॉल संघ द्वारा की गई। चेयरमैन श्याम पांडे, अध्यक्ष शब्बीर आलम, महासचिव मृदुल बोस, कोषाध्यक्ष मो सलाउद्दीन, उपाध्यक्ष डॉ विकास रमन, संयुक्त सचिव शुभंकर सरकार, उदय मिश्र, सहायक सचिव सुनील मिश्रा, सुभाष लोध, कार्यकारी सदस्य विक्रम सिंह, सतीश कुमार सिंह, शमशाद खान, संतोष रजक को बनाया गया है।




चेयरमैन श्याम पांडे ने कहा 2023-24 का सत्र बहुत जल्द शुरू कर दिया जाएगा तथा संघ को नई ऊंचाई तक ले जाना ही उनका लक्ष्य होगा। अध्यक्ष सब्बीर आलम और महासचिव मृदुल बोस ने बताया की क्लब एवं खिलाड़ियों का निबंधन कराने का तिथि 11/08/2023 से 19/08/2023 तक निर्धारित की गई है। साथ ही साथ महिला लीग के लिए महिला खिलाड़ियों का और अंडर-17 बॉयज खिलाड़ियों का लीग मैच के लिए क्लब उक्त तिथि तक निबंध करा लें। तत्पश्चात सभी क्लबों के अध्यक्ष एवं महासचिवों के साथ नई कमेटी का सुचारू रूप से धनबाद में फुटबॉल खेल के गतिविधियों के बारे में एवं खिलाड़ियों को ऊँचाई तक ले जाने के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इस अवसर पर सभी क्लबो के अध्यक्ष एवं सचिवों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# रेल कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा आज दिनांक 10.08.2023 को पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में आगामी स्वतंत्रता दिवस के आलोक में स्वतंत्रता दिवस समारोह-2023 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।




इस समारोह में पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती शर्मा द्वारा पांचों मंडलों में ट्रैकमैन, ट्रॉलीमैन, गेटमैन एवं गैंगमैन एवं अन्य कैटेगरी में कार्यरत 50 रेलकर्मियों को उनके ईमानदारी एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया । सभी पुरस्कृत कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई तथा आगे और अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की आजादी का 77वॉं स्वतंत्रता दिवस मनाने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री जी ने हमें पिछले वर्ष ''हर घर तिरंगा'' और इस वर्ष ''मेरी माटी मेरा देश'' की शपथ लेने की प्रेरणा दी है ।

इस देश की माटी गर्ववान्वित हैं कि आप सभी अपने-अपने कार्यों को हर परिस्थिति में पूरा करते हुए रेल परिचालन में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की सचिव सीमा गोयल एवं अन्य सदस्याएं भी उपस्थित थीं ।

# शहीदों का सम्मान ही सच्ची राष्ट्र पूजा : विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि शहीदों का सम्मान ही सच्ची राष्ट्र पूजा है। मेरा मिट्टी मेरा देश अभियान शहीदों के सम्मान में चलाया जा रहा है। इसे हम सब मिलकर एक उत्सव का रूप दें। शहीदों के सम्मान में कोई राजनीति न हो। शहीदों का सम्मान किए बिना भारत माता का सम्मान करने की कल्पना नहीं की जा सकती है। विधायक बीरू पंचायत में गुरुवार को आजादी के अमृत महोत्सव योजना के तहत आयोजित मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि हम भारत माता की सुरक्षा को लेकर सजग रहें। देश की सीमा पर सैनिक यह काम कर रहे हैं और देश के अंदर हम सब मिलकर करें। उन्होंने



कहा कि शहादत के सम्मान में एक फूल जरूर भारत माता के चरणों में चढ़ाया जाना चाहिए। **वीरों की धरती है सिमडेगा की धरती : डीसी :** वहीं डीसी ने कहा कि शहीदों का सम्मान ही नहीं उनकी पूजा करना भी भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। शहीद के परिवार के लिए भी हमारे मन में श्रद्धा होनी चाहिए। सिमडेगा भी धरती भी वीरों की धरती रही है। देश की रक्षा में यहां के कई वीर भी अपने प्राणों की आहुती दी है। इन सभी का सम्मान करें। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि शहीद के परिवार के लिए भी हमारे मन में श्रद्धा होनी चाहिए। शहीद तो दूसरों के लिए जीते हैं। दूसरों को खुली हवा में सांस दिलाने के लिए जीते हैं। उनके बलिदान का हमें हर हाल में सम्मान करना चाहिए। मौके पर 75 स्वदेशी पौधे लगाए गए। साथ ही देश के शहीदों को नमन एवं याद किया गया। मौके पर शहीद जोन ब्रिटो किड़ो की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। जोन ब्रिटो के पिता करलुस किड़ो ने शीलाफलकम का अनावरण किया। मौके पर वीर शहीदों के परिवारों का चरण वंदन किया गया तथा उन्हें माला पहनकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिप सदस्य शांति बाला केरकेट्टा, जोसिमा खाखा, डीएसडब्ल्यू राजेंद्र कुमार सिंह, कार्यपालक दंडाधिकारी पंकज कुमार भगत, सीओ प्रताप मिंज, मुखिया गंगा लोहरा, लीला नाग आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जल संग्रह एवं सिंचाई को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज गुरूवार को जल संग्रह एवं सिंचाई की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई।बैठक में कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल लोहरदगा द्वारा स्वीकृत योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा प्रधानमत्री सूक्ष्म टपक सिंचाई योजना अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य के आलोक में प्राप्त आवेदन की जानकारी दी गई। उपायुक्त द्वारा जिला मत्स्य पदाधिकारी को नदिया स्थित तालाब की साफ-सफाई व मत्स्य पालन से संबंधित आवश्यक निदेश दिये गये। साथ ही,नंदिनी जलाशय में नौका योजना से संबंधित निदेश दिये गये। सुकरी जलाशय के लिए मत्स्य समिति का गठन किये जाने का निदेश दिया गया। प्रॉन फिश कल्चर को जिला में बढ़ावा दिये जाने व मत्स्यपालकों को इसके संबंध में जागरूक करने संबंधी निदेश जिला मत्स्य पदाधिकारी को दिया गया। आज की बैठक में कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमण्डल लोहरदगा, जिला कृषि पदाधिकारी शिप पूजन राम, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, भूमि संरक्षण पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एकल पाठशाला के बच्चों संग उपायुक्त ने किया पौधरोपण



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज पाठशाला एजुकेशन ट्रस्ट के बच्चों के संग समाहरणालय परिसर स्थित बगीचे में पौधरोपण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने नीम का पौधा लगाया। बच्चों के अभिभावकों द्वारा भी विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाये गये। उपायुक्त ने इस दौरान बच्चों से बातचीत। ट्रस्ट के संचालक सौरभ समीर ने बताया कि राजा बंग्ला में ट्रस्ट के द्वारा एकल पाठशाला का संचालन किया जाता है। इसमें स्ट्रीट वेंडर के बच्चों को कक्षा एक से छह के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है।

## दादी के साथ मारपीट कर उन्हें जख्मी करने के आरोप में पोता गिरफ्तार, जेल

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाटोली में दादी को मार जख्मी करने के आरोप पर सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज पुलिस कारवाई करते पोता को गिरफ्तार कर भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के बरवाटोली में एक ही परिवार में आपसी विवाद में दादी पोता में तू तू मैं मैं हुआ जिसपर पोता लौकेश महतो ने अपनी मसोमात दादी बीना देवी के सर पर प्रहार कर जख्मी कर दिया। जिसकी सूचना बेटी दमाद को मिलते ही बरवाटोली पहुंच घायल अवस्था में बीना देवी का निजी अस्पताल में इलाज करवाते हुए सेन्हा थाना को आवेदन के माध्यम से घटना को लेकर अवगत कराते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि मारपीट की सूचना सत्यापन के पश्चात थाना कांड संख्या 104/23 दर्ज कर धारा 341, 323, 307, 504, 506 भादवी के आलोक में आरोपी बरवाटोली निवासी स्वर्गीय राजेश महतो के पुत्र लौकेश महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा गया।

# बत्तख पालन कर स्वरोजगार से जुड़ महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर : राधा तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। उक्त बातें बतख वितरण कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित पशु पालन चिकित्सा केंद्र सेन्हा में शिविर लगाकर पशु पालन विभाग के द्वारा जन प्रतिनिधियों के माध्यम से 14 बतख पालन लाभुको को मुख्यमंत्री पशु धन विकास योजना के तहत एक यूनिट बतख का वितरण मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की,विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम के द्वारा 14 लाभुको के बीच वितरण किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि बतख अच्छा मौसम में मिल रहा है तीन माह में अंडा देने के लायक हो जायेगा उससे बढ़ाए और रोजगार से हमेशा



जुड़े रहने को सोचे आज के समय में सभी को कुछ न कुछ काम करते रहना चाहिए बतख की मांग काफी है और बतख नाली तलाब नदी से अपना पेट भर लेता है। और कम लागत में अच्छी आमदनी होता है। 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम ने कहा की सरकार जरूरतमंद को आगे लाने का प्रयास कर रहा है और समय समय पर रोजगार को लेकर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, विधायक प्रति निधि विरेंद्र उरांव, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, फूलझरी देवी,डा मनोज कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## रेस परियोजना के तहत प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोलेबिरा :** लीड्स द्वारा संचालित रेस परियोजना के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कोलेबिरा प्रखंड के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ रेस परियोजना के डीपीएम नरेंद्र मिश्रा के द्वारा परियोजना के बारे में विस्तृत पूर्वक जानकारी दी गई। प्रखंड सामन्यक अभिषेक शर्मा जी स्वच्छ ऊर्जा के ऊपर हो रहे कार्यो का विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह परियोजना चार वर्ष से सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड 11 पंचायत के गांव में संचालित हो रही है। जिसमें ग्राम स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा समिति बनाकर लोगों को ऊर्जा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं परियोजना में कोलेबिरा प्रखंड के अंदर क्लीन एनर्जी के ऊपर किए जा रहे कार्यो व उपलब्धियों की चर्चा की। साथ ही उन्होंने रेस परियोजना के तहत अबतक लगभग 500 से अधिक युवाओं को स्किल प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जो पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। समुदायिक उत्प्रेरक दिलराज नायक जी के द्वारा धुआं रहित चूल्हा निर्माण एवं उनके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। धुआं से होने वाले महिलाओं के बीमारियों के बारे में बताएं। कार्यक्रम को मुखिया संदीप सदमुंडा उपमुखिया केसनी देवी पंचायत सचिव जगतपाल महतो ने भी संबोधित कर रेस परियोजना द्वारा किए जा रहे कार्यो को सराहा। अंत में सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए इस कार्यक्रम को अविनाश नायक में समापन किया। इस कार्यशाला को सफल बनाने में आकाश सिंह, लालबाहदुर सिंह, दिलराज नायक, अविनाश नायक, का अहम भूमिका रहा।

## जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक आज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी की अति आवश्यक बैठक आगामी दिनांक 11 अगस्त 2023 को समय 2:00 बजे अपराहन कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में निर्धारित की गई है। इस बैठक में लोहरदगा जिला में लीडर डेवलपमेंट मिशन के तहत आवश्यक विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में लोहरदगा विधानसभा लीडर डेवलपमेंट मिशन के कोऑर्डिनेटर दीपक ओझा एवं बिशनपुर विधानसभा के कोऑर्डिनेटर नेसार अहमद विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अतः आप सभी लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के सम्मानित पदाधिकारीगण, जिला के सभी अग्रणी संगठन के अध्यक्षगण,युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस एनएसयूआई एवं सेवादल सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष,आदिवासी कांग्रेस,अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ एवं ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष,एवं सभी प्रखंड अध्यक्षों को आवश्यक रूप से बैठक में उपस्थित रहना है। यह जानकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने दी।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ठेठईटांगर में हुई प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग की हुई शुरुआत



**ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिरामल फ़ाउंडेशन की ओर से सिमड़ेगा ज़िला में कार्यरत गांधी फ़ेलो शंकर रघुवंशी द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ठेठाइठांगर में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों से बेसलाइन कर उनके स्तर पर जानकारी प्राप्त की गयी, जिसमें कक्षा 6, 7, 8 की छात्राएँ एवं विज्ञान शिक्षिका एवं वॉर्डन पूनम साहू मौजूद रहीं। यह कार्यक्रम 10 दिवस तक चलेगा जिसमें विज्ञान का महत्व, जलचक्र, वर्षा जल संग्रहण , ज़ीरो डे आदि विषयों पर चर्चा एवं कुछ गतिविधियाँ की जाएगी। जिनके माध्यम से वह भौतिक रूप से उनके जीवन के उदाहरणों जोड़कर विज्ञान को समझ पाएगी। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं को विज्ञान शाखा से जोड़ना है, वर्तमान डाटा के अनुसार छात्राएँ साइंस स्ट्रीम का चयन बहुत कम कर रही हैं तथा इस तरह के प्रोजेक्ट आगे भी किए जाएँगे जिससे छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी एवं वह विज्ञान शाखा का चयन करने की ओर प्रेरित होंगी।

## उपायुक्त ने डोर टू डोर मतदाता सूची का पन्ना का किया वेरिफिकेशन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज गुरुवार को मतदाता सूची का पन्ना वेरिफिकेशन किया गया। इसमें पाया गया कि कई मतदाताओं के अनुभाग (पता) में त्रुटि है। इस संबंध के संबंधित बीएलओ को प्रपत्र-08 भरे जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, सुपरवाइजर को भी अपने स्तर से वेरिफिकेशन सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। आज नगर परिषद क्षेत्र में न्यू आजाद बस्ती और बंगला बगीचा में मतदाता सूची के भाग संख्या 274 के पृष्ठ संख्या 351 से 390 तक का वेरिफिकेशन किया गया। आज इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, सिटी मैनेजर विजय कुमार संबंधित सुपरवाइजर, बीएलओ व निर्वाचन कार्यालय के कर्मीगण उपस्थित थे।

## बीडीओ ने मेरा माटी मेरा देश के तहत वीर शहीदों के गांव से माटी संग्रह कर दिलाया शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** मेरा माटी मेरा देश के तहत प्रखंड क्षेत्र के वीर शहीदों का गाँव से माटी संग्रहन कर पंच शपथ दिलाया गया। सरकार द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा प्रखंड क्षेत्र के मुर्कीतोड़ार पंचायत अन्तर्गत गोबरसेला ग्राम के वीर शाहिद घामा उराँव और मुर्की ग्राम के मनी उराँव तथा झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत गगेया ग्राम के वीर शाहिद मनीजर उराँव का घर से माटी संग्रहन कर ग्रामीणो को पंच शपथ दिलाया गया। वही बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के लिये प्राण न्योच्छावर करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिये मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिस तरह इस क्षेत्र के वीर शपुत देश के लिये प्राणों की बलि दे दिये उसी तरह आप भी देश के प्रति श्रद्धा विश्वास रखें और युवाओं को देश सेवा के प्रेरित करें। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, मुखिया बन्धन उराँव, जेनसेवक उमेश कुमार के अलावे नन्दकिशोर शुक्ला, सोमा उराँव, मनमोहन साहु सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## देवघर के लिए निकले कांवरिया भक्तों को जय श्रीराम समिति ने किया भव्य स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड के बूटी झखरा एवं आलोदी के भक्तगण देवघर के लिए हुए रवाना। सभी कांवरिया भक्तों का जय श्रीराम समिति के द्वारा लोहरदगा जिले के सुभाष चौक स्थित देवी मंदिर प्रांगण में नगर अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में सफा पहनाकर किया गया भव्य स्वागत। तत्पश्चात सभी भक्तों को फल देकर विदा किया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री अजय साहू ने कहा लोहरदगा की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए सभी भक्तजन देवघर पहुंचकर बाबा भोलेनाथ में जलअभिषेक करेंगे मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह,अजय सोनी जिला महामंत्री अजय साहू जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू, नितेश जयसवाल, जिला सह-कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद नगर अध्यक्ष दीपक साहू चंदन साहू, अकाश कुमार, दीपक साहू, बजरंग साहू, विष्णु कुमार, सूरज वर्मा, रितेश साहू, सुरेश रजक समेत काफी संख्या में जय श्री राम समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

## लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने विभिन्न प्रदेशों से 43 मजदूरों को रेस्क्यू कराया



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा ने झालसा रांची के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए इस वर्ष अब तक उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल राज्य से कुल 43 मजदूरों को सफल रेस्क्यू कराया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि अभी-अभी पश्चिम बंगाल के हुगली जिला अन्तर्गत बलरामपुर क्षेत्र में 34 मजदूर जो बी.बी.एफ. मार्क ईटा भट्ठा में काम करने गए थे। लेकिन उन सबको वहां बंधक बना लिया गया था। उन लोगों को ना तो उनके पैसों का भुगतान हो रहा था और ना ही ईट भट्ठा मालिक उसे छोड़ने को तैयार था। लोहरदगा डालसा को इसकी लिखित जानकारी ग्रामीण विकास श्रमिक समिति लिमिटेड के उदय प्रताप सिंह ने दिनांक 20 जुलाई 2023 को दिया था। अविलंब इसकी जानकारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार,लोहरदगा श्री राजेंद्र बहादुर पाल को देते हुए झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार यानी झालसा रांची को भी दी गई। निर्देशानुसार हुगली जिले के जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्रमिता घोष से समन्वय स्थापित कर उन बंधक मजदूर तक गुप्त तरीके से संपर्क स्थापित किया गया। उन 34 मजदूरों को हुगली जिला के बलरामपुर क्षेत्र में रखा गया था। जिसे भंडारा लोहरदगा से सरदार बुधराम उरांव पिता सोमा उरांव के नेतृत्व में ले जाया गया था। हुगली जिला के पुलिस बल के सहयोग से अब तक 22 मजदूरों का सफल रेस्क्यू कराया गया है। और छुड़ाये गए सभी मजदूरों को उनके कुल बकाये राशि 6,11,548 का भुगतान भी ईटा भट्ठा मालिक द्वारा कराया गया। अभी तक रेस्क्यू कराए गए लोगों में शामिल हैं। मंगरी उरांव, कार्तिक उरांव,मंटी उरांव,रीना उरांव,शांति उरांव,पंछी उरांव,गीता उरांव,सुमति उरांव, विनोद उरांव,बिरसा उरांव,मोदन उरांव,बुधवा उरांव,आनंद उरांव,सुरेंद्र उरांव,वीरेंद्र उरांव,रघु उरांव,राजेंद्र उरांव,मंगलेश्वर उरांव,अनिल उरांव, सुनील उरांव,यीशु उरांव,एवं बरगी उरांव। सारे मजदूर भंडारा ब्लॉक के विभिन्न गांव से ईटा भट्ठा में काम करने हुगली पश्चिम बंगाल गए थे। बाकी बचे मजदूरों के रेस्क्यू कराने का काम भी किया जा रहा है। दिनांक 21 अगस्त 2023 तक बाकी अन्य मजदूरों का रेस्क्यू भी उनके पारिश्रमिक मिलने के पश्चात करा दिया जाएगा। प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने यह भी बताया कि इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले से छः महिलाएं जिनमें जयनब बीवी जो ग्राम होंदागा, थाना किस्को के निवासी हैं।

# मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्राम सभा का हुआ आयोजन, लोगों को दिलाई गई शपथ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 10 अगस्त गुरुवार को प्रखंड के सभी 06 पंचायतों मे कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो के निर्देश से मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत किया गया ग्राम सभा का आयोजन वही ग्राम सभा मे उपस्थित लोगो के बीच दीपक जलाकर हाथ मे मिट्टी रखकर दिलाई गई शपथ। प्रखंड के गजनी पंचायत भवन मे ग्राम सभा व शपथ कार्यक्रम मे उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने शपथ दिलाते हुए कहा कि मै शपथ लेता हूँ कि विकसित भारत के निर्माण मे अपनी भागीदारी निभाउंगा। मै शपथ लेता हूँ कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। मै शपथ लेता हूँ कि देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करूंगा और इसके उत्थान के लिये हमेशा कार्य करता रहूँगा। मै शपथ लेता हूँ कि देश की एकता और एकजुटता के लीये सदैव प्रयासरत



रहूँगा। मै शपथ लेता हूँ कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पालन करूंगा। मै शपथ लेता हूँ कि देश के गौरव के लिए प्राण देने वालो बीरो से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहूँगा। शपथ के पाश्चात्य ग्राम सभा मे प्रविपदा0 के द्वारा अमृतकाल के पंचप्रण, विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एक जुटता,एवं नागरिको मे कर्तब्य की भावना के बिषय मे बताया गया। मौके पर गजनी कार्यक्रम मे प्रखंड कृषि पदाधिकारी किशोर उराँव, मुखिया सुमन उराँव, रोजगारसेवक हिफ्फ्जूर रहमान, पहान पुजार बुधुवा उराँव, पच्चू मुंडा, राम उराँव, वही कैरो पंचायत भवन मे पंचायत सेवक गुहा उराँव के द्वारा ग्राम सभा मे दीपक जलाकर हाथ मे मिट्टी लेकर उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई। मौके पर मुखिया बीरेन्द्र महली, जेएसएलपीएस के बिनिता तिर्की, भाजपा के सुरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, बजरंग उराँव, कांग्रेस के जोरावर खान, मुस्लिम अंसारी, जेएमएम के समीद अंसारी वार्ड सद्स्य सागर सोनी, राजु महली, इत्यादि मेरा देश मेरा माटी कार्यक्रम के ग्राम सभा मे विभिन्न स्वयं सेवी संगठन के लोग उपस्थित थे।

## विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं ने हाथी प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के निर्देश पर गुरुवार को विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, व अन्य कांग्रेस नेताओं ने हांथी प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान प्रखंड के राजाबासा पंचायत के सेमरकुदर, करमटोली, मेरोमडेगा पहाड़टोली व घुटबहार के विभिन्न गांव का दौरा कर प्रभावित से मुलाकात किया। साथ ही पीड़ित 4 परिवार को क्रमशः 25-25 केजी अनाज प्रदान किया एव मेरोमडेगा गांव में जहा हाथी है वहा पर जुट बोरा और मोबिल भी दिया गया। तथा सरकार द्वारा दिये जाने वाला सहायता जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने बताया कि कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी क्षेत्र में हाथियों द्वारा मचाए जा रहे उत्पात को लेकर गंभीर है तथा इसके लिए कई तरह से प्रयास कर रहे है।इसके तहत उन्होंने वन विभाग को भी निर्देशित



किया है कि हाथी के आहार वाले पेड़-पौधे उनके मार्ग और जंगलों में लगाया जाए ताकि हाथी गांवों की ओर न आए। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में हाथी कॉरिडोर बनवाने का भी प्रयास किया जा रहा है ताकि उक्त कॉरिडोर में जंगली हाथियों व कॉरिडोर के आसपास रहने वाले ग्रामीणों के लिए विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं दिए जा सके। वही विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने यह भी कहा कि वन विभाग के माध्यम से ग्रामीणों को हाथियों को भगाने के लिए की भी व्यवस्था की मांग विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने विधानसभा में रखी है साथ ही विधायक के मांग के अनुसार पिछले साल हांथी भगाने के लिए ओडिशा से बेसेज्ञा के द्वारा प्रशिक्षण भी दिया गया था। मौके पर मौजूद ठेठईटांगर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव जमीर खान, ठेठईटांगर विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, जॉनसन डांग, अल्पसंखयक जिला सचिव जमीर हसन, पंचायत अध्यक्ष सुकवान जोजो, अल्पसंखयक प्रखंड अध्यक्ष, मोहम्मद वहीद, समरसेन बागे, मोजक्किर आदि उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### अमरकंटक में बनेगा मां शक्तिधाम कारीडोर : मुख्यमंत्री

**अमरकंटक** : मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अनूपपुर जिले के दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को मां नर्मदा उद्गम स्थल अमरकंटक को मृत्युंजय आश्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में शक्तिधाम कारीडोर बनाने की घोषणा की। इससे पहले मुख्यमंत्री नर्मदा मन्दिर पहुंचे और वहाँ विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद मृत्युंजय आश्रम में महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद महाराज से भेंट की। उन्होंने अमरकंटक सहित मध्यप्रदेश के अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की। स्वामी हरिहरानंद ने मुख्यमंत्री से नर्मदा मन्दिर अमरकंटक को शक्तिधाम के रुप में विकसित करने की मांग की। जिसे मुख्यमंत्री ने नर्मदा मैया की कृपा बतलाते हुए तत्काल इसकी सहमति देते हुए कार्यकर्ताओं के मंचीय सम्मेलन में करतल ध्वनि और नर्मदा मैया के जयकारों के बीच इसकी घोषणा की। उल्लेखनीय है कि भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज द्विवेदी ने भी अमरकंटक को शक्ति लोक कारीडोर बनाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। मुख्यमंत्री ने अमरकंटक कारीडोर के लिये 100 करोड़ स्वीकृत करने की बात कहीं। उन्होंने अमरकंटक को पवित्र बनाए रखने के लिये उद्गम मन्दिर परिसर से दूर नये अमरकंटक नगर बनाने की भी घोषणा की।

### उतराखंड में 14 अगस्त तक बारिश का येलो अलर्ट जारी

**देहरादून** : उत्तराखंड में बारिश का कहर लोगों पर आफत बनकर टूट रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में पहाड़ चटकने से लेकर भूस्खलन की घटनाएं और मैदानी क्षेत्रों में जलभराव से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। राज्य में दो राष्ट्रीय राजमार्ग और 05 बॉर्डर मार्ग सहित लगभग 226 अन्य सड़कें बाधित हैं, जिन्हें खोला जा रहा है। मौसम विभाग ने राज्य में 14 अगस्त तक के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट की चेतावनी जारी किया है। इस चेतावनी को देखते हुए सभी जिलाधिकारियों और आपदा विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है।राजधानी देहरादून सहित प्रदेश भर में रुक-रुक का बारिश का क्रम जारी है। आसमान में काले बादल मंडरा रहे हैं, जिससे लोगों में डर का माहौल दिख रहा है।केदारनाथ मार्ग पर गौरीकुंड डाट पुलिया के समीप 03 अगस्त की रात हुए भूस्खलन में 23 लोग लापता हो गए थे। इनमें से आज चौथा शव बरामद कर लिया गया है। सर्चिंग के दौरान 03 शव पूर्व में ही बरामद कर लिए गए थे। अन्य लोगों की खोजबीन के लिए सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। आज बरामद शव की पहचान वीरबहादुर के रूप में हुई है।थाना लक्ष्मणझूला पर जानकी पुल के आगे गंगा नदी के किनारे बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के स्लैग बेड के किनारे की दीवार गिरने से 3 बाबाओं में से एक की मौत हो गई है और 2 घायल हो गए हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर तत्काल रेस्क्यू कार्य कर एक शव को बरामद किया। घायल 2 बाबाओं को 108 की मदद से अस्पताल भेजा गया है।

# सांसद ने अंतरराज्जीय आवागमन हेतु सोन नदी पर पुल निर्माण का मुद्दा उठाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार को जोड़ने वाली सोन नदी पर अंतर राज्य आवागमन के तहत पुल निर्माण कराने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू जिला (झारखंड) के हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार को जोड़ने वाली सोन नद पर अंतर्राजिय आवागमन के तहत पुल निर्माण कराने की आवश्यकता है। उक्त पुल के निर्माण से यात्रियों के यात्रा समय में काफी कमी आएगी और झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। विदित है कि जपला सीमेंट फैक्ट्री बंद होने के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कोई उद्योग या वैकल्पिक व्यापार



का रास्ता नहीं है। यहॉ के मजदूर भारी संख्या मे बिहार एवं उत्तर प्रदेश में आना-जाना करते है। इस पुल के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी, इलाज, शिक्षा, बाजार, उद्योग समेत अन्य जरूरतों के लिए प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों की सुविधायें बढगी। गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही साथ वामपंथी उग्रवाद पर अंकुश लगेगा एवं लोगों को नए-नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अतिरिक्त बिहार के डेहरी पुल पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और औरंगाबाद-सासाराम शहरों को जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी।उल्लेखनीय है कि उक्त पुल के निर्माण हेतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार ने झारखण्ड सरकार से प्रस्ताव की मांग किया है, ताकि उक्त स्थान पर पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान किया जा सके। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध है कि उक्त पुल का निर्माण अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी परियोजना के तहत कराने की कृपा की जाय। उक्त पुल की मांग झारखंड एवं बिहार सीमावर्ती जिलों के बीच आवागमन करने वाले लोगों की लंबे समय से रही है।

## एडीजी अभियान 11 को लंबित आपराधिक मामलों की करेंगे समीक्षा

**रांची**: झारखंड के एडीजी अभियान संजय आंनदराव लाटकर राज्य में चार साल से अधिक समय से लंबित आपराधिक मामलों की 11 अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करेंगे। बैठक में एटीएस एसपी और सभी जिलों के एसएसपी, एसपी, जोनल आईजी और सभी रेंज के डीआईजी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान अभियोजन स्वीकृत्यादेश (प्रोसिक्यूशन सेंशन ऑर्डर) के लिए लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की जायेगी।

# आजसू छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए शक्ति सिंह




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : झामुमो कार्यलय में आजसू जिला उपाध्यक्ष शक्ति सिंह आजसू छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। झामुमो पलामू के श्री राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने उन्हें पार्टी का अंग वस्त्र दे कर उन्हें पार्टी में शामिल कराया। अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा, शक्ति सिंह जी का झामुमो में स्वागत है, इनके आने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। आज हेमंत सोरेन की लोकप्रियता हर घर में है, हमारी सरकार सबों के हित का ख्याल रखती है। भाजपा और आजसू सिर्फ बांटने के राजनीति करना जानती है, झामुमो जोड़ना जानती है। नकारात्मक राजनीति करने वाली पार्टियों को जनता समझ चुकी है, आज सकारात्मक सोच और हेमंत सोरेन की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ जनता को मिल रहा है।

पूर्व आजसू नेता शक्ति सिंह ने कहा, झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा ही राजनीतिक विकल्प है, हेमंत सोरेन जी की सरकार आम जनमानस की सरकार है। झारखंड मुक्ति मोर्चा माटी की पार्टी है, और ये झारखंडियों के दुख दर्द को समझती है और उसको कम करती है। समस्याओं का समाधान झारखंड में पहली बार हेमंत सरकार में हो रहा है। झामुमो पलामू के अध्यक्ष भी समस्याओं समाधान करने में लगे रहते हैं। जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी, संगठन सचिव अनुराग प्रताप सिंह और नगर सचिव छोटू त्रिपाठी ने भी माला पहनाकर शक्ति सिंह का पार्टी में स्वागत किया।

# झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स ने डॉ. मुजफ्फर हुसैन को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** । झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स और मेरी आवाज मेरी पहचान के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को चेंबर भवन में डॉ मुजफ्फर हुसैन को सम्मानित किया गया। डॉ हुसैन की लिखी हुई किताबें झारखंड के मुसलमान और झारखंड की मुस्लिम विभूतियां का लोकार्पण रांची यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने प्रेस क्लब में किया था । उनकी सफलता को लेकर द्वय संगठनों उन्हें शॉल और बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने उनकी लेखनी की तारीफ करते हुए कहा कि डॉ हुसैन की पुस्तक उल्लेखनीय और काफी उपयोगी है। ऐसी पुस्तक अब तक प्रकाशित




नहीं हुई है। वाकई में यह पुस्तक एक ऐतिहासिक दस्तावेज है । मेरी आवाज मेरी पहचान के संस्थापक प्रेसिडेंट एक्टर देवेश खान ने कहा कि डॉ हुसैन की जितनी भी तारीफ करें कम है। इतनी कम उम्र में उन्होंने एक बेहतरीन किताब लिख डाली । उन्होंने भविष्य के लिए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दी । सह सचिव बुलंद अख्तर ने डॉ हुसैन की सराहना करते हुए कहा कि यह एक बेहतरीन किताब है और लेखक की हौसला अफजाई के लिए किताबें खरीदनी चाहिए । अगर हम किताब खरीदेंगे तभी यह फिर अगली बार लिखने की हिम्मत करेंगे। इस मौके पर महासचिव कुमार गहलोत, सचिव आनंद जालान, सह सचिव कविता होरो , सह सचिव बुलंद अख्तर, संरक्षक परम शाह , राजीव कुमार किशन अग्रवाल , विवेक पासवान आदि उपस्थित थे ।

# डुमरी विस सीट पर उपचुनाव के लिए बने 373 मतदान केंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : डुमरी विधानसभा सीट पर पांच सितंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर गुरुवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। आठ अगस्त को चुनाव आयोग द्वारा किए गए एलान के अनुसार 17 अगस्त तक नामांकन पत्र जमा होंगे जबकि 18 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच और 21 अगस्त तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतगणना का कार्य 8 सितंबर को होगा और 10 सितंबर तक चुनाव प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस सीट पर तत्कालीन शिक्षा मंत्री और डुमरी से विधायक रहे जगरनाथ महतो के बीते छह अप्रैल को निधन हो जाने का कारण उपचुनाव कराए जा रहे हैं।




डुमरी विधानसभा में यह छठा उपचुनाव होगा। इससे पहले रामगढ़, मांडर, बेरमो, मधुपुर, दुमका और गोड्डा विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो चुके हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार डुमरी के एसडीएम को निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है। मतगणना गिरिडीह के पचंबा स्थित कृषि बाजार समिति परिसर में होगा। उपचुनाव को लेकर गिरिडीह और बोकारो में एक-एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। मतदाता अपने आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त पासबुक, ड्राईविंग लाईसेंस, भारतीय पासपोर्ट समेत चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार दस्तावेजों के सहारे मतदान कर सकेंगे। उपचुनाव में 373 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें डुमरी प्रखंड में 199, नावाडीह में 129, चन्द्रपुरा में 45 मतदान केन्द्र हैं। इन मतदान केंद्रों में 199 संवेदनशील और 83 अति संवेदशील मतदान केन्द्र हैं जबकि अन्य 91 मतदान केंद्र सामान्य हैं। अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती होगी। इसे लेकर तैयारी शुरू हो गई है। यह मतदान केन्द्र 240 भवनों में बनाए गए हैं। उपचुनाव में भाग लेने वाले कुल वोटरों की संख्या दो लाख 98 हजार 629 है। इसमें पुरुष वोटरों की संख्या 82,840 तो महिला वोटरों की संख्या 76,755 है। वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में इस सीट पर 69.74 प्रतिशत मतदान हुआ था।

## बीएयू में मेगा हेल्थ चेकअप कैंप में 155 व्यक्तियों की निःशुल्क जांच

**रांची** : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अस्पताल में गुरुवार को निःशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह की देखरेख में बीएयू अस्पताल एवं भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस कैंप में बीएयू मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ यूएस वर्मा के प्रयासों से मेडिका अस्पताल प्रबंधन की ओर से डॉ सानू लाल, सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट एंड मेडिकल कंसलटेंट, प्रीतम कुमार, आई स्पेशलिस्ट, एलिजाबेथ मेलोनी तिर्की, सीनियर सहायक, पूजा, अपटी मेट्रोलॉजिस्ट, विकास मिश्रा, मार्केटिंग एक्टिविटी ने भाग लिया। कैंप में सबसे पहले कुलपति डॉक्टर ओएन सिंह के स्वास्थ्य की गहन जांच की गयी। कुलपति ने मेडिका अस्पताल प्रबंधन के चिकित्सकों का आभार जताया।

# कोलकाता मेट्रो रेलवे में लागू होगी तीसरी रेल प्रणाली

एजेंसी

**कोलकाता**: देश की सबसे पुरानी मेट्रो रेल सेवा कोलकाता रेलवे में जल्द ही तीसरी रेल प्रणाली शुरू की जाएगी। इससे पीक आवर्स के दौरान ट्रेन की आवृत्ति में वृद्धि होगी। रेलवे सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि तीसरी रेल प्रणाली को मेट्रो रेलवे सेवा प्राधिकरणों द्वारा लंदन, मॉस्को और सिंगापुर जैसे वैश्विक शहरों में अपनाया गया है।

कोलकाता मेट्रो रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्रा ने कहा कि तीसरी रेल प्रणाली शुरू करने की पहल अगले दो वर्षों के भीतर पूरी होने की उम्मीद है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। प्रक्रिया पूरी होते ही तीसरी रेल प्रणाली लगाने का काम तुरंत शुरू हो जाएगा। तीसरी रेल प्रणाली में रेलवे ट्रैक के लिए पारंपरिक स्टील का उपयोग




करने के बजाय एल्यूमीनियम निर्मित ट्रैक लगाए जाएंगे। इससे पटरियां अधिक गर्मी प्रतिरोधी हो जाएंगी और बिजली की खपत भी कम होगी।

शहर के सिविल इंजीनियर प्रदीप्त मित्रा ने कहा कि एल्युमीनियम से बने ट्रैक का दीर्घायु कारक पारंपरिक स्टील से बने ट्रैक की तुलना में बहुत अधिक है क्योंकि इसमें जंग लगने का कोई सवाल ही नहीं है। दूसरी बात यह है कि धातु के रूप में एल्युमीनियम पहियों के घर्षण के प्रति बेहतर प्रतिरोधी है, जो ऐसे ट्रैक को बेहतर दीर्घायु बनाने में भी सक्षम बनाता है।

# हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा बुजुर्ग व्यक्ति को कराया गया रक्त उपलब्ध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग**। हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा शहर के खिरगांव पांडे टोला निवासी सुदामा सिंह को रक्त की कमी होने पर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके उपरांत चिकित्सकों ने संबंधित रक्त उपलब्ध कराने को लेकर परिजनों को सूचित किया इसके बाद परिजनों के द्वारा संबंधित रक्त के रक्तदाता की खोजबीन की गई कहीं भी रक्तदाता ना मिलने पर हजारीबाग यूथ विंग से संपर्क किया इसके बाद यूथ विंग के पाधिकारियों एवं सदस्यों ने संबंधित रक्तदाता की खोजबीन में जुट गए। पुनाई निवासी उज्जवल देव से रक्तदान करने का आग्रह किया गया जिसके उपरांत आनन-फानन में वो शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी मिसाल पेश किया। जिसमें विशेष सहयोग हजारीबाग यूथ विंग के कार्यकारिणी सदस्य शनिदेव का रहा।संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने रक्तदाता उज्जवल देव के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि जो खून देश के समाज के धर्म के काम ना आये वह खून नहीं वह पानी है अपने लिए सब जीते हैं दुनिया के काम आना सीखें इन वाक्यों के साथ उन्होंने हर व्यक्ति से रक्तदान करने की अपील की।

## झामुमो ने केक काटकर मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

**रांची**: झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति ने गुरुवार को पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का 48वां जन्मदिन मनाया। इस दौरान 48 पौंड का केक काटकर कांके रोड स्थित उनके आवास पर जन्मदिन मनाया गया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सह प्रवक्ता एवं राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय, पार्टी केन्द्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, केन्द्रीय महासचिव एवं राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागु बेसरा, केन्द्रीय सचिव अभिषेक प्रसाद उर्फ पिन्टु, झामुमो जिलाध्यक्ष मुशताक आलम, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# यूपी : विंध्य कॉरिडोर में दिखेगी भक्ति की झलक

**जिलाधिकारी का मानना है कि जब श्रमिक खुद स्वस्थ होंगे, तब और बेहतर व तेजी से काम को अंजाम देंगे। विंध्यधाम को नया स्वरूप देने में दिन-रात जुटे श्रमिकों की भक्ति भावना विंध्य कॉरिडोर की खूबसूरती में निखार लाएगी।**

एजेंसी

**मीरजापुर** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट गुलाबी पत्थर की आभा से दमकते विंध्य कॉरिडोर का स्वरूप अद्भुत व अलौकिक होगा ही, भक्ति भावना



की झलक भी दिखेगी। विंध्य कारिडोर की गुणवत्ता पर मुख्यमंत्री की नजर तो है ही, अब विंध्य कारिडोर को आकार देने वाले श्रमिकों के सेहत का भी ख्याल रखा जाएगा। विंध्याचल में निर्माणाधीन विंध्य कॉरिडोर में कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए परिक्रमा पथ के प्रथम तल पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया है, जो नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह की देख-रेख में अनवरत चलता रहेगा। स्वास्थ्य शिविर में श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा भी दी जाएगी। जिलाधिकारी का मानना है कि जब श्रमिक खुद स्वस्थ होंगे, तब और बेहतर व तेजी से काम को अंजाम देंगे। विंध्यधाम को नया स्वरूप देने में दिन-रात जुटे श्रमिकों की भक्ति भावना विंध्य कॉरिडोर की खूबसूरती में निखार लाएगी। दरअसल, विंध्य कॉरिडोर के निर्माण में कुल 300 श्रमिक लगे हैं। कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम की ओर से निर्माण कार्य लगातार प्रगति पर है। भव्य-नव्य विंध्य कॉरिडोर का निर्माण कार्य दिसंबर 2023 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।